Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 335 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये | दुर्ग, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी की 8 बागियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 6 साल के लिए पार्टी से निकाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कई बागी नेताओं ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। इसी बीच, पार्टी ने बागियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए आठ कार्यकर्ताओं को निष्कासित कर दिया है। सभी बागियों को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला गया है। हरियाणा बीजेपी की ओर से जिन 8 बागियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें प्रमुख नाम हैं रणजीत सिंह चौटाला और देवेंद्र कादियान। इसके अलावा, पार्टी से निकाले गए अन्य नेताओं में लाडवा से संदीप गर्ग, असंध से जिलेराम शर्मा, सफीदों से बच्चन सिंह आर्य, महम से राधा अहलावत, गुरुग्राम से नवीन गोयल और हथीन से केहर सिंह रावत का नाम शामिल है। इस कदम से चुनावी राजनीति में हलचल मच गई है। इस पहले कांग्रेस ने 16 बागियों को बाहर का रास्ता दिखाया था। पार्टी ने एक साथ 13 नेताओं को निष्कासित किया। वहीं, 3 नेताओं पर इनसे पहले कार्रवाई हुई। कारण बताया गया कि ये सभी नेता अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। बताया जा रहा है कि ये सभी नेता हरियाणा विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने और पार्टी की ओर से उनकी अनदेखी किए जाने से नाराज थे। इसलिए, कुछ नेता निर्दलीय ही कांग्रेस उम्मीदवार के सामने चुनावी मैदान में उतर गए थे, और कुछ नेता पार्टी उम्मीदवार को सपोर्ट नहीं कर रहे थे।

### राजीव प्रताप रूडी ने वैशाली सांसद बीना देवी के घर पहुंच कर सांत्वना दी

**पटना।** जिस की कल्पना भी नहीं की थी, वैसी विपत्ति का सामना मेरे राजनीतिक साथी दिनेश सिंह व वीणा देवी को करना पड़ा है। उन के सुपुत्र छोटू सिंह की सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन से मैं अत्यन्त व्यथित हूँ। सारण के सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने वैशाली सांसद वीणा देवी के मुजफ्फरपुर के दाउदपुर गाँव में उनके आवास पर पहुंचने पर कही। उन्होंने कहा कि बड़े भारी मन से आज आया हूँ। प्रार्थना करता हूँ ईश्वर से कि दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में शरण दें।

छत्तीसगढ़ को केंद्रीय परिवहन मंत्री की सौग़ात

# सड़कों के विकास के लिए 11 हजार करोड़ रूपए की मंजूरी

■ सड़कों के विकास से छत्तीसगढ़ की औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगी नई दिशा- विष्णुदेव साय

नई दिल्ली/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ की सड़कों का जाल और मजबूत होने जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी देकर राज्य को एक बड़ी सौगात दी है। इस राशि से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा। श्री गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान की। नई दिल्ली के भारत मंडपम में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टाम्टा और हर्ष मल्होत्रा व छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की ताकि कार्यों का समय पर और कुशलता



से निष्पादन हो सके। बैठक में परियोजनाओं के विलम्ब के कारणों व रुकावटों पर चर्चा की गयी। इस संबंध में वन विभाग से क्लीयरेंस, राजस्व और खनन से जुड़े अड़चनों को दूर करने व परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर अवरोधों को दूर करने का प्रयास किया गया। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने समस्त प्रगतिरत एवं प्रस्तावित परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति पर चर्चा की गई, इसके साथ ही चार प्रमुख राजमार्गों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की मंजूरी दी गई। बैठक में जिन चार मुख्य परियोजनाओं पर चर्चा हुई, उनमें उरगा-कटघोरा बाईपास (ह॥-149क्ष), बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट, और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है। जिसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने कुल 9208 करोड़ स्वीकृत किया है। वहीं, केन्द्रीय सड़क निधि के तहत 908 करोड़ के आठ कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में केशकाल घाट व धमतरी-जगदलपुर मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण कार्य की भी मंजूरी दी गयी। एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग एवं बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, पत्थलगांव से कुनकुरी-झारखंड बॉर्डर मार्ग को एक माह के अन्दर एजेंसी निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में रायपुर शहर टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच ग्रेड सेपरेटर व विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) को जोड़ने वाले मार्ग एवं रायपुर एक्सप्रेस वे पर ग्रेड सेपरेटर बनाने की सहमति दी गई। इसके अलावा सड़कों के विकास के लिए 1200 करोड़ की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ी सौगात है।

हाई कोर्ट ने जांच पर लगाई रोक

# इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में निर्मला सीतारामन को राहत

नई दिल्ली/ एजेंसी

कर्नाटक हाई कोर्ट ने चुनावी बांड योजना मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बड़ी राहत दी है। पहले उनके खिलाफ चुनावी बांड वसूली मामले में एक एफआईआर दर्ज की गई थी, अब हाई कोर्ट ने मामले पर 22 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। कर्नाटक बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष नलिन कुमार कतील ने निचली अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए, कर्नाटक हाई कोर्ट ने कर्नाटक के पूर्व राज्य भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील



के खिलाफ दर्ज एफआईआर में 22 अक्टूबर तक आगे की जांच पर रोक लगा दी, जो उस मामले में सह-अभियुक्त हैं, जिसमें केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को बनाया गया है। उन पर चुनावी बांड की आड़ में कुछ कंपनियों से पैसे वसूलने का आरोप है। एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय ईडी के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384 जबरन वसूली के लिए सजा, 120 बी आपराधिक साजिश और 34 साझा मंशा से कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कृत्य के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांग्रेस ने रद्द हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना से जुड़ी एक शिकायत पर निर्मला सीतारमण। और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बादभारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला था।

### पुरानी रंजिश के चलते तीन बच्चों पर चढ़ाया ट्रैक्टर, एक की मौत

**भरतपुर।** भरतपुर के कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव जया में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने तीन मासूम बच्चों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिसमें एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना उस वक्त हुई जब बच्चे अपने घर के दरवाजे पर खेल रहे थे। संजय, पुत्र बच्चू सिंह, ने बताया कि गांव का राजेंद्र उनके परिवार से मजदूरी करवाना चाहता था, लेकिन उनके इनकार करने पर वह नाराज हो गया और पुरानी रंजिश के चलते धमकी देता था। घटना से कुछ दिन पहले राजेंद्र ने संजय को जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर धमकाया था कि वह उन्हें ट्रैक्टर से कुचलकर मार डालेगा।

सीएम शिंदे की सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# महाराष्ट्र में स्वदेशी गाय को अब राजमाता गौमाता का दर्जा दिया

मुंबई/ एजेंसी

महाराष्ट्र सरकार ने भारतीय संस्कृति, कृषि और स्वास्थ्य देखभाल में स्वदेशी गाय के महत्व को देखते हुए इसे औपचारिक रूप से 'राजमाता-गौमाता' का दर्जा दिया है। इसकी घोषणा करते हुए सरकार ने कहा कि स्वदेशी गाय को भारतीय संस्कृति में वैदिक काल से ही महत्वपूर्ण स्थान हासिल है। इसका महत्व न केवल धार्मिक है, बल्कि चिकित्सा और कृषि में भी इसके कई फायदे देखने को मिले हैं। गाय का दूध अपने उच्च पोषण मूल्य के कारण मानव आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मराठवाडा में देवरी और




ललकानारी व उत्तरी महाराष्ट्र में डांगी और शवदाभ जैसी विभिन्न देशी नस्ल की गायें पाई जाती हैं। हालांकि, देशी गायों की संख्या में तेजी से आ रही गिरावट को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं। सरकार को उम्मीद है कि यह दर्जा दिए जाने से किसानों को इन गायों को पालने में प्रोत्साहन मिलेगा। यह घोषणा महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की ओर से हस्ताक्षरित एक सरकारी आदेश के जरिए की गई है। इसमें कहा गया, गाय प्राचीन काल से ही मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। प्राचीन काल से गाय को मान्यता के रूप में कामरेणु का नाम दिया गया इसका ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है। हमें पूरे देश में गायों की विभिन्न नस्लें मिलती हैं, लेकिन देशी गायों की संख्या तेजी से घट रही है। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

बीजेपी ने किया हरियाणा का विकास

# हम जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं-राजनाथ सिंह...

**हरियाणा।** हरियाणा विधान सभा चुनाव को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज दादरी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा में पिछले दस वर्षों सबसे अधिक निवेश आया है। पहले यहाँ पर बड़ी संख्या में घरों में नल के माध्यम से जल नहीं पहुँचता था मगर आज हरियाणा के लगभग सभी घरों में जल जीवन मिशन के माध्यम से पानी पहुँच चुका है। उन्होंने कहा कि हमारा हरियाणा देश का वो राज्य है जो 24 फसलें को एमएसपी पर खरीदता है। इतना ही नहीं, बल्कि भाव का अंतर भी देती है और इसके लिए वह भावांतर योजना



चलाती है। राजनाथ ने कहा कि किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसे भेजने का काम भाजपा सरकार ने किया है। किसान सम्मान निधि के रूप में करीब सवा 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक किसानों के खाते में भेजे गये हैं।

### कमिश्नरेट पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया ब्लाइंड मर्डर का मामला

**जालंधर।** पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने 24 घंटे के अंदर एक ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझा लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीसीपी इन्वेस्टिगेशन ने बताया कि थाना भारगो कैंप में प्लैटिना मोटरसाइकिल नंबर पीबी08-एफएफ-6344 के साथ दुर्गा शक्ति मंदिर, देयोल नगर, जालंधर के पास एक सिख युवक का शव मिला था। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर जांच की. हालांकि, आदित्य ने कहा कि मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है. जिसके चलते डीसीपी इन्वेस्टिगेशन ने अज्ञात शव को सिविल अस्पताल जालंधर पहुंचाया।

प्रसाद विवाद मामले में

# सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र सरकार से पूछे तीखे सवाल कहा-भगवान को सियासत से दूर रखना चाहिए

अमरावती/ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें तिरुमाला स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद (लड्डू) बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने पूछा कि यह दिखाने के लिए क्या सबूत हैं कि लड्डू बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया था। हम कम से कम इतनी उम्मीद करते हैं कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा। अगर जांच के आदेश दिए गए थे तो प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? तिरुपति लड्डू विवाद पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि यह आस्था का मामला है। अगर मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव ने कहा कि वे एक भक्त के रूप में यहां आए हैं। प्रसाद में मिलावट के बारे में प्रेस में दिए गए बयान के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और इससे कई अन्य मुद्दे भी उठ सकते हैं। यही नहीं, इससे सांप्रदायिक सद्भाव भी बिगड़ सकता है। ये



चिंता का विषय हैं। यदि भगवान के प्रसाद पर प्रश्नचिह्न है तो इसकी जांच होनी चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि प्रयोगशाला की रिपोर्ट से पता चलता है कि जिस घी की जांच की गई, उसे दरकिनार कर दिया गया था। उसने राज्य से पूछा कि एसआईटी जांच के आदेश देने के बाद प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार से यह भी पूछा कि एसआईटी जांच के नतीजे आने तक प्रेस में जाने की क्या ही जरूरत थी सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम से कम देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या जिस घी में मिलावट नहीं पाई गई, उसका इस्तेमाल प्रसाद में किया गया था। सरकार ने जवाब दिया कि वह इस मुद्दे की जांच कर रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि तो फिर तुरंत प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी?

हरियाणा में बोले राहुल गांधी

# आप जो कहोगे वो मुद्दा मैं संसद में उठाऊंगा-राहुल

यमुनानगर/ एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सोमवार को हरियाणा में चुनावी रथ यात्रा निकाल रहे हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के अंतिम दिनों में ताबड़तोड़ प्रचार के लिए भाई-बहन की जोड़ी चुनावी समर में उतरी है। सुबह नारायणगढ़ में जनसभा के बाद उनकी रथ यात्रा शुरू हुई। इस दौरान मंच पर राहुल गांधी ने एकजुटता का भी संदेश दिया। उन्होंने मंच पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा का हाथ मिलवाया। पूरे दिन में दोनों नेताओं ने तीन जिलों अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र की छह विधानसभाओं को कवर किया। चर्चा है कि 3 अक्तूबर तक वे रथ यात्रा में प्रचार करेंगे। इसमें पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा भी साथ हैं। कांग्रेस ने रणनीति के तहत रैलियों की बजाय यात्रा का प्लान किया है, ताकि अधिक से अधिक विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचा जा सके। यात्रा के रूट प्लान से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस अपने दुर्ग को और मजबूत करने के साथ भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने की तैयारी में है। 2019 के चुनाव में नारायणगढ़, साढौरा, लाडवा और मुलाना में कांग्रेस को जीत मिली थी और पहले से भी यहां पार्टी मजबूत रही है। इसलिए यहां से रथ यात्रा निकालने का मकसद है कि इन सीटों पर पार्टी और मजबूत हो और कार्यकर्ताओं में जोश भरा जा सके। भाजपा ने सीएम नायब सिंह सैनी को लाडवा से उतारा है, इसलिए ये हॉट सीट है। शाहाबाद



में जजपा विधायक रामकरण काला कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं और यहां मजबूत प्रत्याशी हैं। थानेसर पिछले दस साल से भाजपा का गढ़ है। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले कुरुक्षेत्र में रैली करके हरियाणा में चुनाव प्रचार का आगाज किया था। कुरुक्षेत्र इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां से सांसद भाजपा के हैं। भाजपा के इसी गढ़ में सेंध लगाने के लिए यहां राहुल और प्रियंका गांधी की जनसभा तय की गई है। राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में छोटी-छोटी पार्टियों का रिमोट भाजपा के पास है। विचारधारा की ये लड़ाई केवल कांग्रेस और भाजपा के बीच है। एक तरफ न्याय है और दूसरी तरफ अन्याय है। एक तरफ किसानों, गरीबों, मजदूरों का हित है और दूसरी तरफ अडानी-अंबानी का हित है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं अमेरिका गया। वहां मैंने देखा कि एक छोटे से कमरे में हरियाणा के 15-20 युवा रह रहे हैं। उन्होंने मुझे कहा कि आप हरियाणा में हमारे परिवार से मिलिए, क्योंकि हम 10 साल अपने परिवार से नहीं मिल पाएंगे। मैंने फिर पूछा कि यहां आने में कितने पैसे लगे और पैसे कहां से आए? उन्होंने कहा कि यहां आने में 50 लाख रुपए लग गए हैं, जो खेत बेचकर या ब्याज पर पैसे लेकर जुटाए गए हैं।

हरियाणा में बोले सीमए योगी

# विकास के नाम अपने परिवार को आगे बढ़ाया

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज हरियाणा के बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुचें थे। इस दौरान योगी ने कहा कि मैं बवानी खेड़ा की जनता का आभारी हूं जिन्होंने यहां कांग्रेस का खाता कभी नहीं खुलने दिया। उन्होंने कहा कि यहां के लोग जानते हैं कि अगर कांग्रेस जीतेगी तो वे देश के साथ गद्दारी करेंगे। उन्होंने (कांग्रेस) अपने राजनीतिक लाभ के लिए देश के विभाजन का समर्थन किया। तुष्टीकरण की हदें पार कर विकास के नाम पर केवल अपने घरों को



आगे बढ़ाया। उन्होंन साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस ने देश को विकास नहीं बल्कि आतंकवाद और अराजकता दी। योगी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आपने देखा है कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में कनेक्टिविटी का विकास हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### अम्लेश्वर में प्रस्तावित शराब दुकान खोलने विरोध शुरू, जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पाटन।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के खुडमुड़ा रोड खल्लारी माता मंदिर के पास में शराब दुकान खोलने का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। बता दे की पाटन विधानसभा के नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में शराब दुकान खोलना शासन ने प्रस्तावित किया है। जैसे इसकी खबर अमलेश्वर पालिका के रहवासियों को मिली तो उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। आज जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने एसडीएम पाटन को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि शराब दुकान खोलने से क्षेत्र में अशांति फैलने का माहौल बन जाएगा वही छोटी-छोटी घटना भी शुरू हो जाएगी। इसे देखते हुए सभी ने शराब दुकान खोलने का विरोध किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत दुर्ग के सभापति मोनू साहू, पूर्व जनपद सदस्य फेरहा राम धीवर, शिव कुमार साहू सहित अन्य शामिल है।

### अवैध कब्जा कर बना रहा था दिवाल, अतिरिक्त तहसीलदार ने जारी किया स्थगन आदेश, कारण बताओ नोटिस भी जारी, ग्राम पंचायत पहंडोर का मामला



पाटन। पाटन ब्लॉक के ग्राम पहंडोर में एक व्यक्ति के द्वारा अवैध कब्जा कर दीवाल उठाने का कार्य किया जा रहा था जिसका वही के एक युवक ने राजस्व विभाग में शिकायत की। इस आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार पाटन मनोज रस्तोगी ने उक्त निर्माण कार्य पर रोक लगाने के आदेश दिया है। साथ ही साथ अतिक्रमण करने वाले को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पहंडोर में रहने वाले युवक भावेश कुमार ने शिकायत किया था कि ग्राम के ही दिलीप कुमार पिता राजाराम के द्वारा आबादी भूमि पर अतिक्रमण कर दीवाल उठाने का कार्य किया जा रहा है। जिस पर अतिरिक्त तहसीलदार मनोज रस्तोगी ने तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने के आदेश जारी किया है। साथ ही साथ दिलीप कुमार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

### शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परिषद का गठन



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के मनोविज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में विगत दिनों शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए मनोविज्ञान परिषद् का गठन किया गया। एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा यामिनी साहू को सर्वसम्मति से परिषद् का अध्यक्ष मनोनित किया गया। एमए तृतीय सेमेस्टर से ही तरूणा देवांगन को सचिव एवं इंद्राणी श्रीवास को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। उपाध्यक्ष तथा सहसचिव पद हेतु एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं क्रमशः डॉली कोमा, निशा देवांगन का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राधिका सारथी, आंचल सोनी को स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने मनोविज्ञान परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामना प्रदान करने हुए कहा कि मनोविज्ञान विभाग महाविद्यालय का महत्वपूर्ण विभाग है, आप सभी को विभाग की गरिमा को बनाए रखते हुए इसे और बेहतर करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने परिषद की छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि मनोविज्ञान विभाग में शोध केन्द्र भी संचालित है। अतः आप सभी को शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए एक सुनहरा अवसर है। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग में कार्यरत् अतिथि प्राध्यापक डॉ. मोना माखीजा, सुश्री रिया उईके, वरिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन डॉ. ओमप्रकाश शर्मा तथा वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी गुप्ता भी उपस्थित रहें।

# नहीं हो रही साफ- सफाई झीट पंचायत में कचरों का लगा है अंबार...

**स्वच्छता के नाम पर पंचायत द्वारा ग्रामीणों से ली जा रही है राशि**



**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम पंचायत झीट में अनदेखी के चलते एवं नियमित सफ़ाई नहीं होने से पूरे गाँव में कचरों का अंबार लगा हुआ है ।जिसका खामियाजा पूरे ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है । मुख्य सड़कों , अस्पताल परिसर के आस पास कूड़ा का ढेर पसरा हुआ है । जिसका कारण नियमित रूप से सफ़ाई का अभाव देखा जा सकता है । सफ़ाई नही होने से नालियां भी जाम हो गई गई है । ग्रामीणों ने कई बार इस ओर जिम्मेदारो का ध्यानाकर्षण करवाया लेकिन किसी ने इसकी सुध नही ली। कुछ समय पहले ही गाँव के युवाओं ने सफ़ाई की जिम्मेदारी अपने कंधे पर लेटे हुए चौक चौराहों की सफ़ाई की गई थी । लेकिन इसके बाद भी ग्राम पंचायत के सरपंच ने नियमिय सफ़ाई को अनदेखा कर दिया ।

कहने को तो ग्राम पंचायत झीट को स्वच्छता के नाम पर सम्मान के लिए चयन किया गया था। लेकिन वर्तमान की ज़मीनी हालात कुछ और ही बया कर रही है। ग्राम पंचायत झीट के ह्रदय स्थल कहे जाने वाले मुख्य चौक के सामने ही बड़े पैमाने में कचरों का ढेर इकट्ठा हो गया है । जो काफी समय से वही पर पसरा हुआ है । इससे यही प्रतीत होता है कि स्वच्छता के नाम पर केवल खानापूर्ति ही कि जा रही है ।

ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता ने नाम पर राशि लेकर भी उन सभी सुविधाओं से कोसो दूर दिखाई दे रही है नियमित सफ़ाई नही होने के कारण बीमारियों होने का खतरा भी बना हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महज कुछ ही दूरी पर कचरों का अंबार लगा हुआ है । पंचायत स्तर पर कचरों के निष्पादन करने के लिए निधारित स्थान चयन नही किया गया है । इसलिय जगह जगह पर कचरों का कूड़ा पसरा हुआ है ।

**स्वच्छता के नाम पर ग्रामीणों से ली जा रही है राशि-** ग्राम पंचायत झीट में प्रकाश , पेयजल एवं स्वच्छता के नाम से राशन कार्ड के पीछे ग्रामीणो से पंचायत द्वारा 200 रु की राशि ली जा रही है लेकिन ग्राम से स्वच्छता कोसो दूर दिखाई देती है सवालिया निशान यह है कि जब सफ़ाई के नाम पर ग्रामीणों से राशि ली जा रही है तो चौक चौराहों में गंदगी क्यों पसरी हुई है ।

---

ग्राम पंचायत झीट में साफ सफ़ाई को लेकर निर्देश दिए गए है । नियमित सफ़ाई नहीं होने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी ।

**मुकेश कोठारी**
**सीईओ ,जनपद पंचायत पाटन**

## जनहित में लगातार सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने की सराहना



**किरंदुल ( समय दर्शन )।** प्रवेश कुमार जोशी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिकायत विभाग, दंतेवाड़ा कलेक्टर और नगर पालिका, बचेली की जनहित में लगातार सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए सराहना की है और आभार व्यक्त किया है।

जोशी ने 16 जुलाई 2024 को एक पत्र के माध्यम से किरंदुल-बचेली में हाई-टेक लाइब्रेरी की स्थापना का अनुरोध किया था। इस पत्र में उन्होंने क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षिक सुविधाओं की आवश्यकता पर जोर दिया था।

शासन के दिशा निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद्, बचेली ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए 8.80 लाख रुपये की प्रकलन राशि तैयार कर स्वीकृति हेतु कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा के पास भेजी है। राशि स्वीकृत होने के बाद, हाई-टेक लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी।

जोशी ने कहा, यह पहल निश्चित रूप से युवाओं को उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण मददगार होगी और राज्य में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में योगदान देगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी सोच की भी प्रशंसा की।

हाई-टेक लाइब्रेरी के शुरू होने से बच्चों को अध्ययन के लिए एक बेहतर वातावरण मिलेगा और वे आधुनिक तकनीकों और संसाधनों से परिचित हो सकेंगे। इस लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए भी तैयार करने और उन्हें सामान्य ज्ञान, प्रेरक पुस्तकें और स्कूली पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करवाने की मांग की गई है।

जोशी ने उम्मीद जताई कि इस पहल से क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार होगा और छत्तीसगढ़ को समृद्धि और विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में मदद मिलेगी।

## संकुल सेमरिया में स्वयंसेवी शिक्षको का हुआ प्रशिक्षण, उल्लास और स्वच्छता शपथ लिए




**अहिवारा।** संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में संकुल स्तरीय उल्लास कार्यक्रम अंर्तगत स्वयंसेवी शिक्षको का प्रशिक्षण आयोजन हुआ जिसमे पेंड्रीतराई,कोकड़ी और सेमरिया के स्वामसेवी शिक्षक और प्रत्येक शाला से सर्वेयर शिक्षक भी शामिल हुए।मास्टर ट्रेनर संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल और संगीता पाटिल व्याख्याता ने उल्लास ताली और उल्लास गीत के साथ प्रशिक्षण प्रारंभ किया।संकुल प्रभारी श्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने स्वयंसेवी शिक्षको को प्रेरित करते हुए मार्गदर्शन दिया।स्वयंसेवी शिक्षको को प्रशिक्षक ने मार्गदर्शिका और प्रवेशिका से परिचय कराया। स्वयंसेवी शिक्षको के द्वारा असाक्षरो को कैसे पढ़ाना है बताया गया।जीवन के विभिन्न पहलुओं में हम किस प्रकार परिवर्तन को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ रहे है ,सभी लोगो को इस स्तर तक बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करेंगे,टेक्नोलॉजी का उपयोग , डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग कर पाए सिखाने की आवश्यकता है।अपने दैनिक जीवन में हर समस्या का स्वयं हल कर पाए असाक्षरों को इस स्तर तक ले जाना।समझ के साथ किसी भी विषय वस्तु को पढ़ पाए,बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान में दक्ष बनाने की ओर कार्य करना है,इस संदर्भ में प्रशिक्षित किया गया।सभी उपस्थित स्वयंसेवी शिक्षको,उपस्थित शिक्षको को उल्लास और स्वच्छता शपथ दिलाया गया,जन जन साक्षर बनाने और स्वयं से प्रेरित होकर स्वच्छता के लिए प्रचार प्रसार कर घर,आसपास , गली मोहल्ले,चौक चौराहे की सफाई कर अपने अपने गांव को स्वच्छता की ओर ले जाने के लिए संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल प्रेरित किया।प्रशिक्षक सूर्यकांत हरदेल,संगीता पाटिल,सर्वेयर शिक्षक कुलदीप देशमुख, अनरजीत राय,चंद्रकांत, मिथलेश कुमार जायसवाल, सूर्यप्रकाश सोनकंडे,संकुल प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर,स्वयंसेवी शिक्षको की पूर्ण सहभागिता से एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## किरंदुल परियोजना में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह




**दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** किरंदुल परियोजना में दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर,2024 तक राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस आलोक में संजय पाटील,सहा.महाप्रबंधक (राजभाषा) ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परियोजना में भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं एनएमडीसी मुख्यालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस वर्ष दिनांक 14.09.2024 को हिंदी दिवस पर अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन नई-दिल्ली में हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री, अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा में इन दिनों बहुत कार्य किया जा रहा है। मंत्रालय, स्वयंसेवी संगठनों और केंद्रीय सरकारी कार्यालयों/उपक्रमों में हिंदी का कार्य और बढ़ रहा है। हमारी परियोजना में दिनांक 14 से 29 सितंबर, 2024 के बीच राजभाषा पखवाड़े के दौरान हिंदी कार्यों को और अधिक करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जैसे कि हिंदी टंकण, क्विज, हिंदी निबंध, हिंदी नारा (स्लोगन) लेखन, सामान्य ज्ञान इत्यादि का आयोजन किया गया। दिनांक 29.09.2024 को राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने राजभाषा पत्रिका सर्जना का विमोचन किया। मुख्य अतिथि ने राजभाषा हिंदी पर अपने विचार व्यक्त किए और हिंदी के प्रसार-प्रसार पर बल देने की अपील की। स्वागत भाषण बी.के.माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने कहा कि परियोजना में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है और राज्य सरकार, जिला प्रशासन को पत्राचार हिंदी में ही किया जाता है। इसी प्रकार यूनियन पदाधिकारियों ने भी संक्षिप्त विचार रखे। कार्यक्रम में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि आर.राजाकुमार, महाप्रबंधक (उत्पादन), एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के.कोचर, महाप्रबंधक (खनन) व विशिष्ट अतिथि सर्वश्री एसके चंद्रा, उमप्र, श्रवण कुमार , महाप्रबंधक, शिवदास चिकाटे, उमप्र, अध्यक्ष, देवरायलू, सचिव राजेश संधू,एसकेएमएस वरि.अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय पाटील, सहा.महाप्रबंधक (राजभाषा) ने किया। ए.पी.पांडव, वरि.आशुलिपिक (हिंदी) ने को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

## मुख्य सड़क के मध्य खड़ा कर दिया लोहे का टावर, दुर्घटना की बनी है आशंका, पहले भी हो चुकी है सड़क दुर्घटना में मौत




**पाटन।** ग्राम मोतीपुर में मोतीपुर खमहरिया चौक के पास दुर्गा उत्सव आयोजन समिति के द्वारा सड़क के बीचों बीच चारों तरफ लोहे का टावर खड़ा कर दिया गया है। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। साथ ही साथ कभी भी वाहन टकराने से दुर्घटना घट सकती है। बता दे की इसी स्थान पर कई बार सड़क दुर्घटना हो चुकी है । वहीं एक पिता और पुत्र की मौत हो चुकी है । जिसके बाद यहां पर दिनभर स्थानीय लोगों के द्वारा चक्का जाम भी किया गया था जिसे खदेड़ने के लिए पुलिस को हल्का बल का भी प्रयोग करना पड़ा था। इसके बाद भी आयोजकों के द्वारा इस तरह से सड़क के बीचो-बीच चारों तरफ से लोहे का टावर खड़ा करके लोगों की परेशानी और भी बढ़ा दी है । प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोतीपुर के चौक पर दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नवरात्र पर माता दुर्गा की मूर्ति स्थापित की जा रही है। वहीं सजावट के लिए मोतीपुर चौक में सड़क के चारों तरफ लोहे का एंगल खड़ा किया गया है। जिसे ऊपर से पैक करके नीचे से वाहनों का आना-जाना रहेगा। लेकिन लोहे का एंगल लगाने से सड़क की चौड़ाई सकरी हो गई है। बता दे कि इस मार्ग पर आयरन ओर से भरी भारी भरकम ट्रैको सहित कैप्सूल गाड़ी व हैवी वाहन लगातार चलती है। यहां पर मोतीपुर चौक से खमहरिया की तरफ बड़ी-बड़ी ट्रेको का आना-जाना होता है। इस चौक पर अंधा मोड़ है। भारी वाहनों को मुड़ने में दिक्कत होती है। इस तरह से लोहे का टावर लगाने से ट्रक चालकों को भी परेशानी होगी।। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी आरके शुक्ला से जानकारी लेने पर बताया कि सड़क पर लोहे का टावर खड़ा करने के लिए विभाग से किसी के द्वारा अनुमति नहीं ली गई है।

# विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड, इसका सदुपयोग करें : पारख

**शासकीय पोष्ट मैट्रीक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं राज्य बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख ने कहा कि विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण समय का सदुपयोग कर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मार्ग प्रशस्त करने को कहा। श्री पारख रविवार 22 सितम्बर को शासकीय पोष्ट मैट्रीक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में आयोजित छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त उप पुलिस महानिरीक्षक आरएस नायक एवं डीआर आचला सहित गोंडवाना समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष जगत सलामे, कार्यक्रम के संयोजक एवं जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चंद्रेश ठाकुर, छात्रावास एलुमनि के अध्यक्ष अरविन्द गोटे, छात्रावास के भूतपूर्व छात्र पवन तुलावी, रामसिंह मण्डावी, धरमू किरंगे, मन्नेसिंह मण्डावी, रायसिंह कोटपरिया, रोहित घराना, नंदकिशोर धूर्वे, बिट्टू कोमरे, छात्रावास अधीक्षक पुरेन्द्र महिलांगे सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खूबचंद पारख के द्वारा छात्रावास के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कैरल्स कोठारी एवं अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर श्री पारख ने कहा कि विद्यार्थी जीवन निरंतर ज्ञानार्जन के अलावा त्याग और तपस्या का भी समय है। हमारे विद्यार्थी इस पल का जितना सदुपयोग करेंगे उतना ही उनका आने वाले कल सुखद एवं बेहतर होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग से कठिन परिश्रम कर जीवन में उपलब्धि हासिल करने नैतिक एवं मानवीय मूल्यों तथा सदाचरण को आत्मसात कर अपने बुद्धि एवं सामर्थ्य का उपयोग राष्ट्र व समाज के हित में करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि श्री आरएस नायक ने कहा कि जीवन में उपलब्धि हासिल करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने कार्य के प्रति ईमानदार है तो सफलता उन्हें अवश्य मिलती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक डीआर आचला ने कहा कि विद्यार्थी जीवन त्याग, तपस्या एवं संयम के साथ निरंतर ज्ञानार्जन करने एवं अच्छे चरित्र एवं व्यवहार के साथ-साथ मानवता, भाईचारा, सदाचार आदि गुणों का भी विकास का समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण समय के प्रत्येक पल का सदुपयोग कर अपने ऊँचे लक्ष्य को हासिल कर अपने माता-पिता, परिवार, समाज एवं इस संस्थान का नाम रोशन करने को कहा। जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने छात्रावासी जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रावास वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए संस्कार भूमि एवं संरक्षण स्थली है। जहाँ पर जीवन की बुनियादी तहजीब सिखलाई जाती है। श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को हमेशा बड़े एवं नेक सपना देखने तथा उसे हासिल करने के लिए सब कुछ समर्पित कर देने को कहा। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नही है। यदि व्यक्ति में दृढ़ ईच्छा शक्ति एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तथा पूरी ईमानदारी के साथ प्रयत्न करने से उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई रोक नही सकता। श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को गलत संगति, गलत आचरण एवं गलत कार्यों से दूर रहकर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल कर उसका उपयोग राष्ट्र व समाज के हित में करने को कहा। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए छात्रावास के भूतपूर्व विद्यार्थी पवन तुलावी ने छात्रावास जीवन के महत्व के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान निर्माता डॉ. बीआर अम्बेडकर के कथन को आत्मसात करते हुए शिक्षित बनकर एवं संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने की अपील की है। इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए छात्रावास के अध्यक्ष श्री कैरल्स कोठारी ने अतिथियों के समक्ष छात्रावास के मांग एवं प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। समारोह में सभी अतिथियों ने छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्री मैट्रीक छात्रावास के अधीक्षक प्रशांत सुखदेवे, छात्रावास के उपाध्यक्ष गोपाल धूर्वे, सचिव सुभाष सोरी, सह सचिव प्रफुल्ल मण्डावी, शुभम कोरेटी, टिकेश्वर मण्डावी सहित अन्य अतिथियों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

सार समाचार

## बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी आमानाका निवासी मृतक मोहम्मद ताफीक 20 वर्ष वर्ष अपने दोस्त घनश्याम यादव 40 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास बस क्रमांक सीजी 07 सीटी 7812 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## वंदे भारत ट्रेन में हुआ पथराव

**रायपुर( समय दर्शन )।** करीब 19 दिनों बाद विशाखापत्तनम से दुर्ग आ रही वंदे भारत ट्रेन पर कल रात फिर पथराव किया गया। यह पथराव ट्रेन के कोच नंबर 34-35 की खिड़की पर हुआ। उस वक्त रात के करीब साढ़े नौ बज रहे थे और ट्रेन खरियार रोड स्टेशन पहुंच रही थी। अज्ञात गुंडा तत्वों ने ताबड़तोड़ पथराव किया। इलाके में अंधेरा होने,और रनिंग पोजीशन में होने से इन्हें देखा नहीं जा सका। गुंडा तत्वों ने स्टेशन यार्ड के बाहर का इलाका चुना,ताकि पहचाना नव जा सके। इसमें इकॉनामिक कोच ई-2 की सीट नंबर 34-35 की खिड़की टूट गई। ईकॉनामिक कोच की सीटे घुमावदार (रिवाल्विंग) होती है। बता दें कि ईस्ट कोस्ट रेल मंडल के इस सेक्शन में यह दूसरी बार पथराव किया गया। इससे पहले ट्रेन के ट्रायल रन के दौरान 13 सितंबर को पथराव किया गया था। इस मामले में महासमुंद के व तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया था। जो जमानत पर रिहा हो गए थे।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** धनलक्ष्मी नगर भनपुरी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र निषाद 38 वर्ष धनलक्ष्मी नगर भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 7837 को अपनी घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित, ईएसआईसी कॉर्ड और पीपीई किट भी बांटे

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में किया श्रमदान

**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव तथा केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने आज 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत श्रमदान किया। उन्होंने रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। उन्होंने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने और साफ-सफाई में सहभागिता की शपथ भी दिलाई गई। रायपुर-उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी परंपरा में हमेशा से स्वच्छता का संस्कार रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, मुंशी प्रेमचंद और श्रीमती महादेवी वर्मा जैसे



महामनाओं की प्राथमिकता में स्वच्छता सदैव रहा है। 'स्वच्छता परमो धर्मः' के सूत्र को अपनाते हुए हम प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने में लगे हुए हैं। 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर राज्य के सभी शहरों और गांवों में स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करने और सहभागिता बढ़ाने विशेष पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कार्यक्रम में कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरे देश में स्वच्छता के प्रति अद्भुत जागरुकता आई है। साफ-सफाई के कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने और लोगों को जागरूक करने भारत सरकार द्वारा हर साल राष्ट्रीय स्तर पर विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसके अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं। संपूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल करने शासन-प्रशासन के प्रयासों के साथ ही सक्रिय जन सहभागिता जरूरी है। स्थानीय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा और रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री अविनाश मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# अरुण साव ने किया नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ

### वृंदावन हॉल में सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात'

**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल महाराज के मुख्य आतिथ्य में नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ को स्वस्थ बनाने और युवाओं को नशे से मुक्त कराने रायपुर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा नशामुक्ति अभियान प्रारंभ किया गया है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री साव, आमंत्रित अतिथियों और नागरिकों ने वृंदावन हॉल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण सुना। नशामुक्ति अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरित भी किए गए। प्रदेश के युवाओं को नशे की लत से मुक्त कराने स्वयंसेवी संस्थाओं बढ़ते कदम, ग्रीन आर्मी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा और सिंधी पंचायत महावीर नगर द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, बढ़ते कदम के अध्यक्ष सुनील छतवानी, ग्रीन आर्मी के अध्यक्ष अमिताभ दुबे और सिंधी पंचायत महावीर नगर के अध्यक्ष अजय जैसिंघानी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। रायपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में हृदय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव एवं एम्स रायपुर में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विभिन्न प्रकार के नशे के खतरों तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इनके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि नशे की लत समाज के सामने बड़ा संकट है। नशा के कारण परिवार टूट रहे हैं, संबंध खराब हो रहे हैं और बच्चों की दुर्दशा हो रही है। नशा से ही अनेक तरह की बुराईयां जन्म लेती हैं। नशे की आदत से छुटकारा दिलाने में समाज की सक्रिय भूमिका होना चाहिए। नशामुक्ति के साथ ही भावी पीढ़ी को इससे बचाना बहुत जरूरी है।

# बीजेपी अन्याय-अत्याचार कर रही है, कांग्रेस न्याय यात्रा निकाल रही है: शाहिद खान

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की अगुवाई में राज्य की भाजपा सरकार के अन्याय अत्याचार और बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जो पदयात्रा प्रारंभ की गई है। यात्रा को व्यापक जन समर्थन मिलने का दावा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पदयात्रा में शामिल हुए शाहिद खान ने कहा कि 9 माह में छ ग की भाजपा सरकार निष्क्रीयता के चलते जिला कार्यालय जलने एवं पुलिस की बर्बरता उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि रेत माफिया, अपराधियो के हौसले बुलंद हैं, पीएम आवास स्वीकृति होते ही सीमेंट की दरों में बढ़ोतरी, महतारी वंदन के नाम पर



धोखा जैसे ज्वलंतशील मुद्दों के कारण भाजपा राज्य में अलोकप्रिय होने के साथ अन्याय अत्याचार कि प्रतीक बन चुकी है। जनता को राहत देने और भाजपाई अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का आगाज किया गया है। इस यात्रा में राजनांदगांव सांसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनता यात्रा में शामिल होकर जन आवाज बन रहे है। गिरोधपुरी धाम से यह यात्रा 27 सितम्बर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर को राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आमसभा के साफ संपन्न होगी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जनता के दुख परेशानियों को देखते हुए न्याय पदयात्रा का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया और उस निर्णय में प्रदेश कांग्रेस के सभी शीर्ष नेता अपनी सहभागिता के साथ पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं। इससे वह दिन दूर नहीं जब राज्य की जनता के लिए कांग्रेस की न्याय पदयात्रा रूपी आंदोलन से सुख शांति एवं न्याय का मार्ग प्रशस्त होगा।

# भारतीय सेना के जवान पहुंचे रायपुर कलेक्टर ने किया स्वागत

### छत्तीसगढ़ पहुंचने पर जवानों में भारी उत्साह, दिखाएंगे अपनी सैन्य ताकत

**रायपुर( समय दर्शन )।** साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय सेना के जवानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। रायपुर रेलवे स्टेशन में 80 जवानों की एक टोली आज पहुंच गई है। जिनका कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने गुलाब देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जवानों में भी खूब उत्साह देखने को मिला। जबलपुर एसटीसी के 80



जवानों की टोली आज रायपुर पहुंच गई है। हवलदार श्री देवेंद्र कुमार एव नायक श्री योगेश बिष्टा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहुंचने पर हमारे लिए बड़ा गर्व का विषय है। ऐसा स्वागत होने से हम अभिभूत महसूस कर रहे है। इसके लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद करते है। इस स्वागत के अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मन की बात, सदस्यता के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद बृजमोहन

**रायपुर( समय दर्शन )।** रविवार को %मन की बात% के 114वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राठौर चौक पर आयोजित विशेष कार्यक्रम %मन की बात, सदस्यता के साथ% में शामिल होकर पीएम मोदी को सुना। बृजमोहन अग्रवाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी मन की बात के माध्यम से देश की जनता को विभिन्न विषयों पर जागरूक करते आ रहे हैं। हमारा भी कर्तव्य है कि हम भाजपा का सदस्य बनकर मोदी की ताकत को और बढ़ाए। उन्होंने जनता से उनके माध्यम से भाजपा से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि, मोदी ने देश में प्रेरणादायक काम करने वाली गुमनाम हस्तियों को मन की बात के जरिए नई पहचान दिलाई है जिससे दूसरे लोग भी प्रेरित होकर देश और समाज की भलाई के लिए कार्य कर सकें। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने वाले हैं, हम सभी को स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के जरिए स्वच्छता को आत्मसात करने की जरूरत है, जिससे हम अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। जब हम स्वच्छता को अपने आदर्शों में शामिल करते हैं, तो यह न केवल हमारे व्यक्तिगत विकास में सहायक होता है, बल्कि समाज में भी एक स्वस्थ वातावरण बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि आज मौसम परिवर्तित हो चुका है जिसका सबसे बड़ा कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटाई है। मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के जरिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम किया है। क्योंकि प्रकृति भी हमारी मां है और उसका ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है।

गुवाहाटी में विश्व हृदय दिवस पर सीएसआई, एनई चैप्टर और कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ असम द्वारा आयोजित जागरूकता रैली में भाग लेते लोग.




## लग्जरी कार से गांजा तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पुलिस के टीम ने गांजा तस्करी करते अर्टिगा कार सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 63 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 15 लाख 50 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि महासमुंद के तरफ से चारपहिया वाहन में मादक पदार्थ की तस्करी किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस के टीम ने जोरा ओव्हरब्रीज के पास नाकेबंदी किया गया तथा आरोपी कमलेश तेलाशी द्वारा बताये चारपहिया वाहन को आता देख उसका पीछा कर उसे पकड़ा गया। वाहन में 02 लोग सवार थे। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अजय उईके एवं प्रमोद सिंह राजपूत निवासी महासमुंद का होना बताया गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। गांजा के संबंध में दोनो से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा गांजा को उड़ीसा से लाना है बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा तीनों आरोंपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 63 किलोग्राम गांजा तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सकल दिगम्बर जैन समाज को एक सूत्र मे पिरोने का ऐतिहासिक आगाज सामूहिक क्षमावाणी पर्व का हुआ भव्य आयोजन

**रायपुर (समय दर्शन)।** आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के आशीर्वाद से सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर द्वारा आयोजित क्षमावाणी पर्व रविवार को एस.एन.पैलेस, सेरीखेड़ी में आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर स्थित सभी दिगंबर जैन मंदिरो की महिला समितियों द्वारा एक से बढ़कर एक मनोहारी नयनाभिराम प्रस्तुतियां दी गईं। ब्रह्मचारी सुनील भैया के मार्गदर्शन मे एवं स्थानीय रायपुर के सभी मंदिरों के अध्यक्ष एवं उनके सहयोगियों के साथ मनों की मलिनता दूर करने व परस्पर आपसी प्रेम बढ़ाने वाले सामूहिक क्षमावाणी पर्व के साथ बहुत ही ऐतिहासिक शुरुवात की, कार्यक्रम मे सर्वप्रथम आदि ब्रम्हा आदिनाथ भगवान की स्तुति श्री भक्तामर पाठ से हुई जिसमें सभी समाजजनो ने बड़ी ही उत्सुकता के साथ सहभागिता की, आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण सुनील भैया जी, सकल दिगंबर जैन के अध्यक्ष नरेश जैन



सहित यशवंत जैन, मनीष जैन, विनोद बडजात्या, राजेश जैन, प्रदीप जैन विश्व परिवार, अरविंद बडजात्या, सहित सभी अध्यक्षों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व केबिनेट मंत्री व रायपुर पश्चिम के विधायक श्री राजेश मूणत व अध्यक्षता श्री नंदन जैन जी प्रदेश कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने की, अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया साथी ही समाज के अध्यक्षों द्वारा उनका माला व श्रीफल से स्वागत किया गया, आचार्य श्री जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम की आमंत्रण पत्रिका का भी अथितियों ने अनावरण किया एवं शरदोत्सव के ब्रोशर का विमोचन व डॉक्यूमेंट्री फिल्म को भी रिलीज किया गया।

मुख्य अतिथि श्री राजेश मूणत जी ने अपने वक्तव्य मे कहा कि जैन समाज सक्षम समाज है अगर एक हो जाये तो बड़े



से बड़ा कार्य छोटा हो जाता है हम हमेशा दीन दुखी व कमजोर को सहयोग करने वाली समाज के अंग है, उनकी प्रेरणा से उपस्थित समाजजन एवं स्वयं मूणत जी ने भी कल्याण कार्य हेतु सहयोग किया व अन्य को भी प्रेरित भी किया, अध्यक्षता कर रहें नंदन जैन जी ने भी कहा कि मेरे शिक्षा ग्रहण के दिनों मे आचार्य श्री विद्यासागर जी के मुझे दर्शन हुए थे उनके ही आशीर्वाद से ही में आज चार्टर्ड अकाउंटेंट हूं मुझसे जनहित के कार्यों मे जो भी सहयोग बन पड़ेगा सहर्ष करूँगा।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के सूत्रधार ब्रहमचारी सुनील भैया जी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि मुझे रायपुर आये लगभग 20 माह से ऊपर हो गए मै रायपुर को तलाशता रहा पर मुझे रायपुर मिला नहीं, सभी मंदिर पृथक पृथक मिले पर संगठन का अभाव मुझे कचोटता रहा फिर मैंने एक संगठित समाज की परिकल्पना लिए अपने भाव समाज जनों के मध्य रखा जिसे मूर्त रूप दिया गया जो आज के कार्यक्रम के रूप मे आप सबके सामने परिलाक्षित हो रहा है, आज के परिवेश मे हम सबको संगठित होने की नितांत आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर 2024 को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जन्म महोत्सव पर दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम मे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शरदोत्सव में सभी को बढ़-चढ़कर सहभागिता निभानी है।

सभी जिन मंदिरो की महिला समिति द्वारा बड़े ही उत्साह व भावनामय तैयारी के साथ की गयी धर्ममय व शिक्षाप्रद सांस्कृतिक प्रस्तुति क्रम से प्रारम्भ हुई जिसमे सर्वप्रथम श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर, डी डी नगर के महिला मंडल द्वारा करनी का फल नाट्य का मंचन किया गया। जिसमें मनुष्य के कर्म के अनुसार शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति की प्राप्ति को खूबसूरती से मंच पर प्रदर्शित किया गया। जिसमें अपाहिज, नेत्रहीन, मानसिक विक्षिप्त, धनवान, रूपवान, पति-पत्नि, नारी पर्याय, मुनि, आर्यिका आदि पात्रों के माध्यम से कर्म फल का परिणाम प्रस्तुत किया गया। फाफाडीह स्थित दिगंबर जैन मंदिर द्वारा विद्या गुरू के उपकार की भावभीनी नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें आचार्य श्री विद्यासागर महाराज द्वारा जनकल्याण, समाजहित और देशहित में किए गए कार्यों को दिखाया गया। हथकरघा, प्रतिभास्थली जैसे विद्यालय, औषधालय, गौशाला सहित किए गए गुरू उपकारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। श्री दिगंबर जैन मंदिर लाभांडी द्वारा भक्तामर की महिमा का वर्णन करती हुई नाटिका लोगों को खूब भाई। जिसमें भक्तामर पाठ के स्वाध्याय और मनन से आचार्य मानतुंग के कारागरों के 48 तालों के टूटने जैसे चमत्कारों को बताया गया।वहीं नन्हें एकांश बाकलीवाल द्वारा मधुर वाणी में भजन की प्रस्तुति दी गई।

# संपादकीय

## कानून की रक्षा करने की चुनौती

सुप्रीम कोर्ट के सामने चुनौती सिर्फ कानून की व्याख्या करने की नहीं है। बल्कि उसके सामने कानून के राज को बेमायने कर देने की एक विशेष राजनीतिक परियोजना से कानून की रक्षा करने की चुनौती है। सुप्रीम कोर्ट ने बिना अदालत की इजाजत के बुल्डोजर से देश में किसी प्रकार के निर्माण को ढाहने पर दो हफ्तों के लिए जो रोक लगाई है, वह न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। वैसे सर्वोच्च न्यायालय ने रोक की इस अवधि के लिए जो दिशा-निर्देश तय किए हैं, कानून के राज में वे आम चलन का हिस्सा होते हैं। सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध निर्माणों को तोड़ना कोई नई बात नहीं है। नई बात यह है कि बुल्डोजर के जरिए संदिग्ध अभियुक्त के मकान को गिराने का चलन फैल गया है। देखा यह गया है कि संबंधित अभियुक्त अगर मुस्लिम समुदाय का हुआ, तो ऐसी कार्रवाई तुरंत की जाती है। चलन उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ और धीरे-धीरे अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी इसे अपना लिया गया। इस बात की उपेक्षा नहीं की जा सकती कि ऐसे कदमों के जरिए एक तरह का राजनीतिक संदेश भेजने की कोशिश की गई है। बुल्डोजर को ऐसा सियासी सिंबल बना लिया गया है कि अमेरिका स्थित हिंदुत्व समर्थक गुटों ने 15 अगस्त के समारोहों का आयोजन बुल्डोजर रख कर करते देख गए हैं। इधर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के समर्थक उनका उल्लेख 'बुल्डोजर बाबा' कह कर करते रहे हैं। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के सामने चुनौती सिर्फ कानून की व्याख्या करने की नहीं है। बल्कि उसके सामने कानून के राज को बेमायने कर देने की एक विशेष राजनीतिक परियोजना से कानून की रक्षा करने की चुनौती है। कोर्ट के जज इस बात से नाराज थे कि उनकी विपरीत टिप्पणियों के बावजूद नेता यह रहे हैं कि बुल्डोजर तो चलते रहेंगे। क्या कोर्ट ऐसे नेताओं की जवाबदेही तय कर सकने की स्थिति में है? क्या वह उसकी टिप्पणियों, आदेश और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों को अदालत की अवमानना का दोषी ठहरा कर ऐसी सजा देने को तत्पर है, जो दूसरों के लिए मिसाल बने? दरअसल, 'बुल्डोजर राज' पर न्यायिक हस्तक्षेप बहुत देर से हुआ है। अब तक ये बीमारी बहुत गहरे फैल चुकी है। आरंभ में ही न्यायपालिका ने इसे रोक दिया होता, तो बात यहां तक पहुंचती ही नहीं।

# राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रहे राहुल

**बलबीर पुंज**



यह कहना मुश्किल है कि राहुल की हालिया गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों से उनके राजनीतिक उद्देश्य कितनी पूर्ति होगी, परंतु दो बातें स्पष्ट है। पहला— उनके बयान का इस्तेमाल देशविरोधी शक्तियां, भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने के लिए करेंगी। दूसरा— इससे विदेश तक सीमित खालिस्तान आंदोलन को भी बल मिलेगा, जिसका देश के भीतर बहुत कम आधार है।

बीते दिनों नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) और कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी, अमेरिका में अपने विवादित वक्तव्यों के कारण चर्चा में रहे। इसमें उनका सबसे अधिक खतरनाक बयान सिखों को लेकर रहा। 10 सितंबर को वाशिंगटन में भारतीय प्रवासियों के समूह से मुखातिब होते हुए राहुल कहा, 卐लड़ाई इस बात की है कि एक सिख होने के नाते क्या उन्हें भारत में पगड़ी।।। कड़ा पहनने की अनुमति मिलेगी? सिख होने के नाते वे भारत में गुरुद्वारा जा सकते है? यह लड़ाई सिर्फ इनके लिए ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है।卐 यह कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले मार्च 2023 में अपनी यूनाइटेड किंगडम यात्रा के दौरान भी राहुल ने इसी प्रकार की बातें कही थी। राहुल की इन टिप्पणियों का वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बेबुनियाद बयान दिया है। उनका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर भारत का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को खराब करना और देशविरोधी शक्तियों से अपने लिए समर्थन जुटाना है।

क्या स्वतंत्र भारत में सिखों को किसी प्रकार का मजहबी भेदभाव झेलना पड़ता है? देश की कुल आबादी में सिख लगभग दो प्रतिशत हैं और उन्हें देश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में कई प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। डॉ। मनमोहन सिंह के रूप में दो बार लगातार सिख प्रधानमंत्री (2004-2014) रहे हैं। वर्ष 1982-87 तक (दिवंगत) ज्ञानी जैल सिंह भी देश के राष्ट्रपति रहे। असंख्य सिखों ने देश की विभिन्न अदालतों के साथ चुनाव आयोग रूप संवैधानिक पद और सेना, व्यापार, प्रशासनिक और खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं और ऐसा आज भी है। देश को उनपर गर्व करता है। पंजाब से कहीं गुना अधिक गुरुद्वारे शेष भारत में है, जिनके प्रति हिंदुओं की भी स्वाभाविक श्रद्धा है। दरअसल, राहुल गांधी देश में सिख उत्पीडन् के जिस दौर की बात कर रहे हैं, जिसमें सिखों का पगड़ी पहनना, लंबे केश रखना और उनका कड़ा तक धारण करना तक मुहाल हो गया था— वह असल में नवंबर 1984 का समय था। उसी वर्ष 31 अक्टूबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की उनके दो सिख अंगरक्षकों द्वारा निर्मम हत्या करने के बाद प्रतिक्रियास्वरूप दिल्ली-एनसीआर और देश के कुछ क्षेत्रों में हजारों निरपराध सिखों को मौत के घाट (जीवित जलाने सहित) उतारा गया था। बकौल वरिष्ठ अधिवक्ता और लेखक हरविंदर सिंह फुल्का, तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और उनके प्रेस सचिव तरलोचन सिंह उन पहले प्रताड़ित सिखों में शामिल थे, जिनपर उग्र भीड़ ने जानलेवा हमला किया था।

वर्ष 1984 का सिख नरसंहार पूरी तरह प्रायोजित था, जिसे प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर जायज ठहराते हुए राजीव गांधी ने कहा था, ज्जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है, तो धरती थोड़ी हिलती है। उस समय के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रचार-प्रसार सिख समुदाय के दानवीकरण पर ही आधारित था। स्वयं राहुल गांधी ने जनवरी 2014 को एक टीवी साक्षात्कार में 1984 के सिख नरसंहार में 卐कुछ कांग्रेसी लोगों के शामिल卐 होने की बात स्वीकारी थी। वही राहुल विदेश में जाकर विषवमन कर रहे हैं। यह कहना मुश्किल है कि राहुल की हालिया गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों से उनके राजनीतिक उद्देश्य कितनी पूर्ति होगी, परंतु दो बातें स्पष्ट है। पहला— उनके बयान का इस्तेमाल देशविरोधी शक्तियां, भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने के लिए करेंगी। दूसरा— इससे विदेश तक सीमित खालिस्तान आंदोलन को भी बल मिलेगा, जिसका देश के भीतर बहुत कम आधार है। जैसे ही राहुल का वक्तव्य सामने आया, वैसे ही अमेरिका-कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथी और भारत द्वारा घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इसका समर्थन करते हुए अपनी मांगों को जायज ठहरा दिया।

यह अकाट्य सत्य है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हिंदू और सिख एक सिक्के के दो पहलु है। सिख गुरु परंपरा में प्रेम, भाईचारा, सेवा, न्याय, करुणा और मानवता का संदेश निहित है। जब मध्यकालीन भारत में विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा धर्म पर संकट आया और उसपर अत्याचार हुआ, तब सिख गुरु परंपरा में शस्त्र भी उठाया गया। गुरु साहिब हरगोबिंद सिंहजी, गुरु तेग बहादुरजी, गुरु गोबिंद सिंहजी के साथ वीर बंदा सिंह बहादुर, महाराजा रणजीत सिंह, हरि सिंह नलवा आदि— इसके प्रमुख उदाहरण है। जिनकी रक्षा करते हुए गुरु तेग बहादुर साहिब ने सर्वोत्तम बलिदान दिया, वह पंजाब के नहीं, कश्मीर से थे, हिंदू थे।

इस घटना का वर्णन %बचित्तर नाटक' में श्री गुरु गोबिंद सिंहजी ने इस प्रकार किया था— तिलक जंजू राखा प्रभ ताका।।। सीसु दीआ परु सी न उचरी॥ धरम हेत साका जिनि कीआ॥ सीसु दीआ परु सिररु न दीआ॥ (अर्थात— हिंदुओं के तिलक और जनेऊ की रक्षा हेतु गुरु तेग बहादुरजी ने अपने शीश का परित्याग कर दिया, किंतु धर्म का त्याग नहीं किया।)

भारत में हिंदुओं और सिखों के बीच सदियों से नाखून-मांस का रिश्ता रहा है। जब अंग्रेज भारत आए और उन्होंने अपने राज को शाश्वत बनाए रखने के लिए भारतीय समाज में कमजोर कडि़यां ढूंढते हुए %बांटो और राज करो' की विभाजनकारी नीति अपनाई, तब उन्होंने षड्यंत्र रचते हुए हिंदू-सिख बंधुत्व में भी दरार डालने का भरसक किया था। जब ब्रितानियों ने सर सैयद अहमद खां को सामने रखकर कालांतर में मुस्लिम समाज के एक बड़े वर्ग को वामपंथियों के सहयोग से मजहब के नाम पर देश का बंटवारा करने के लिए प्रेरित किया, तब मैक्स ऑर्थर मैकॉलीफ की कुटिल योजनाओं को पानी फेरते हुए सिख समाज भारत के प्रति समर्पित रहा। परंतु पंजाब में संकीर्ण राजनीतिक हितों को साधने के लिए इंदिरा गांधी और संजय गांधी आदि ने वर्ष 1978 से उसी जहरीले मैकॉलीफ चिंतन को हवा दे दी, जिसने बाद में इंदिरा को ही लील लिया।

दुर्भाग्य से राहुल अपनी दादी इंदिरा गांधी, पिता राजीव गांधी और चाचा संजय गांधी के नक्शेकदम पर चलकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रहे है। सत्ता की भूख में अंधे होकर इन्होंने ने जो आग लगाई थी, उसने पंजाब सहित शेष देश के कुछ भागों को झुलसा दिया था। पंजाबियों को चाहिए कि वे अंग्रेजों और उसके बाद स्वतंत्र भारत के स्वार्थी राजनीतिज्ञों के बनाए नैरेटिव से गुमराह नहीं हो और सत्कारयोग सिख गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चले। इसी में भारत, पंजाब और मानवता का कल्याण निहित है।

## केजरीवाल की अग्नि परीक्षा?

**अजय दीक्षित**



चौदह वर्ष के वनवास के बाद रावण को मार कर और सीता को मुक्त करवा कर जब राम जी वापस अयोध्या आए तो उन्होंने कहा कि प्रजा को विश्वास दिलवाने के लिए उन्हें अपनी पवित्रता सिद्ध करने के लिए अग्नि परीक्षा देनी होगी ! यद्यपि यह नारी का अपमान है, ऐसा बहुत से राम भक्त भी मानते हैं । कोरोना काल में कहते हैं कि दिल्ली की सरकार ने एक नई आबकारी नीति बनाई जिसमें शराब कारोबारियों को ज्यादा कमीशन मिला । इस ज्यादा कमीशन का कुछ हिस्सा रिश्वत के तौर पर अरविन्द केजरीवाल और उसके साथियों को मिला, ऐसा आरोप ई.डी. लगा रही है । इसी सिलसिले में पहले मनीष सिसोदिया, फिर संजय सिंह फिर अरविन्द केजरीवाल कैद हुए । लम्बे समय बाद काफी कानूनी लड़ाई लडने् के बाद इन्हें जमानत मिली । केजरीवाल की जमानत के साथ कई शर्तें हैं । केजरीवाल जब तक वे जेल में रहे उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया । परन्तु बाहर निकलने के बाद अचानक उन्होंने त्यागपत्र देने की घोषणा कर दी । 17 सितम्बर को आतिशी को अंतरिम मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया गया । इसी दिन एल.जी. के सामने अरविन्द केजरीवाल ने त्यागपत्र दे दिया । आतिशी से मुख्यमंत्री के दावेदारों में कई नाम चर्चा में थे । परन्तु शायद आतिशी के मृद व्यवहार के कारण लगा कि वह महिला होने के नाते अफसरों से आसानी से काम करा सकेंगी । वैसे वे सबसे ज्यादा पढ़ी लिखी हैं । उन्होंने इंग्लैण्ड से एम.ए. किया है । सन् 2013 से वे आम आदमी पार्टी से जुड़ी हैं । परन्तु अरविन्द केजरीवाल ने एक और घोषणा की है कि वे चुनाव के दौरान जनता के पास जायेंगे और कहेंगे कि यदि वे बेईमान हैं तो उन्हें वोट न दें और यदि जनता समझती है कि वे ईमानदार हैं तो वोट दें ।

अब बड़ा घपला है । मान लें कि जनता अरविन्द केजरीवाल को फिर से चुन लेती है तो फिर कौन सी अदालत बड़ी है? जनता की? या कानून की? असल में दिल्ली में असली पावर एल.जी. के पास रहती है । तो क्या केजरीवाल एक्साइज पॉलिसी की स्वीकृति एल.जी. से ली थी या नहीं? फिर यदि नहीं भी ली थी तो एल.जी. और केन्द्रीय गृह मंत्रालय क्या कर रहा था कि दिल्ली में यह घपला चलता रहा? दिल्ली पुलिस क्या कर रही थी? भाजपा जो आज इतनी आलोचना कर रही है, वह क्यों नहीं तभी सक्रिय हुई । फिर यह बात भी लीगल एक्सपर्ट बतलाएंगे कि यह मामला ई.डी. और सी.बी.आई. दोनों में कैसे चल रहा है । यदि गोवा के इलेक्शन में इतना पैसा लगा तो चुनाव आयोग क्या कर रहा था? तभी क्या गोवा की पुलिस या गोवा की इंटेलिजेंस को कुछ भी मालूम नहीं पड़ा । सबसे बड़ी बात यह है कि मनीष सिसोदिया, या संजय सिंह या अरविन्द केजरीवाल के पास से एक भी पैसा बरामद नहीं हुआ ? तो फिर पैसा कहां गया? असल में यदि अग्नि परीक्षा में केजरीवाल सफल हो जाते हैं और जनता उन्हें फिर से चुनती है तो क्या होगा? यह यक्ष प्रश्न है । देखें आगे क्या होता है?

# फिर पुराना दौर लौट आए, यह भी नहीं लगता

**श्रुति व्यास**

श्रीनगर में चुनाव का भूत सिर चढ़ कर बोल रहा है। चारों ओर राजनीति पर चर्चा है। शहर के रहवासी अपनी शिकायतों की फेहरिस्त सुनाने की बजाए कौनसा उम्मीदवार सबसे बेहतर है, इस बारे में बातचीत करने और कयास लगाने में अधिक मशगूल हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है। हर मिनट एक नई बात, एक नई अटकल सामने आ रही है। हवा भी गर्म है। इस बार सितंबर में घाटी आश्चर्यजनक और असामान्य रूप से गर्म है। लोग नतीजों का पूर्वानुमान लगा रहे हैं। उत्सुकता है और उत्तेजना भी। लोगों में चुनावों में भागीदारी का जज्बा है। चुनावी माहौल वैसा ही है जैसा कि आजकल होता है ङ्क शोरगुल कम है और यह अनुमान लगाना मुश्किल कि किसके पक्ष में मूड़ है। घाटी का कौना-कौना रंग-बिरंगा और खूबसूरत है। माहौल आकर्षक और लुभावना है। मिसाल के तौर पर डल झील पर 22 सितंबर की दोपहर नेशनल कान्फ्रेंस ने शिकारा रैली की। सामान्यत: डल झील और उसके आसपास बड़ी संख्या में पर्यटक जमा रहते हैं। लेकिन आज वहां चुनावी हलचल और उससे जुड़ा तामझाम नजर आ रहे थे। श्रीनगर में ऑटोरिक्शों पर झंडे और पोस्टर नहीं होते बल्कि डल झील में तैर रहे शिकारों पर लगे होते हैं।

सुबह 11 बजे, डल झील के घाट नंबर 7 पर रैली में भाग लेने वाले और उसकी खबर देने वाले लोग जमा हो चुके हैं। लाल, सफेद और नीले रंग के शिकारों पर नेशनल कान्फ्रेंस का लाल झंडा लहरा रहा था और उन पर पार्टी के सदस्य, कार्यकर्ता, समर्थक और मीडियाकर्मी सवार होते हुए। साफ लगा आज शिकारों का सफर अलग ही होना है। उमर अब्दुल्ला, दिल्ली में नेशनल कान्फ्रेंस के तेजतर्रार चेहरे आगा सैयाद रूहुल्ला मेहंदी, अपने बचपन के मित्र शम्मी ओबेराय, अपने दोनों पुत्रों जमीर और जहीर, ज़ादिमल से पार्टी के उम्मीदवार तनवीर सादिक और अन्य लोगों के साथ 'हैवन इन लेक' (झील में जन्नत) नाम के शिकारे पर सवार हैं। आसमानी नीले रंग के इस शिकारे में वाकई उसके नाम के अनुरूप सारी सुख-सुविधाएं मौजूद हैं। लकड़ी की दो कुर्सियां और एक मेज है, जिस पर प्लास्टिक के फूल सजे हुए। एक पिकनिक बास्केट है जिसमें डेविडऑफ कॉफी और अन्य छोटी-मोटी चीज़ें रखी हैं। ऐसा लगता है कि उमर अब्दुल्ला जहां भी जाते हैं, कॉफी उनके साथ होती है। बताया जाता है कि इस पूरे चुनावी अभियान के दौरान उनका पहला काम होता है अपने लिए एक कप स्ट्रांग काफी तैयार करना। ब्लू टोकाई उनकी पहली पसंद है। उसकी महक और स्वाद का आनंद लेकर ही वे अपना चुनाव अभियान शुरू करते हैं। हो सकता है यह उनका अंधविश्वास हो, इसे वे भाग्यशाली मानते हों या यह दिखावा हो। बहरहाल जो भी हो, उमर अब्दुला ने अपनी शिकारा रैली की शुरूआत भी गर्म कॉफी के एक कप के साथ की। इसके बाद उन्होंने शिकारे की यात्रा का आनंद लिया। वे शिकारे के आगे की ओर आए, उन्होंने नेशनल कान्फ्रेंस का झंडा लहराया, मीडिया कर्मियों को तस्वीरे खींचने का मौका दिया, वे हंसे, उन्होंने बातचीत की और हल्की-फुल्की चर्चा की। उन्होंने यात्रा का मज़ा लिया तो मीडिया ने भी।

# भारत में अभी रोजगार आता कहां से है ?

**लेखक उमेश पासवान**



**बेरोजगारी के कुछ सामाजिक कारण-** सरकारों की कुछ गलत आर्थिक नीतियों के अतिरिक्त भारत में कुछसामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक कारण भी हैं जो बेरोजगारी को बढ़ाते हैं। उदाहरणके तौर पर भारत के युवकों की मन-बुद्धि में रोजगार की गलत परिभाषा का बैठाहोना। सामान्यतया भारत के युवा-युवती रोजगार के संदर्भ में केवल नौकरी कोही और वह भी सरकारी नौकरी को ही रोजगार मानते हैं या बहुत हुआ तो किसीकंपनी की नौकरी को। वे कृषि को, स्वरोजगार को, लघु-कुटीर उद्योग से होनेवाली आय को रोजगार मानते ही नहीं। और यह बात युवाओं ही नहीं बल्किउनके माता-पिता तक के भी मन मस्तिष्क में बैठी रहती है। इसी के साथ जुड़ीदूसरी बात रहती है कि युवा सोचते हैं कि स्नातक व परास्नातक होने के बाद ही,प्रशिक्षित होने के बाद ही, वह किसी रोजगार के योग्य होंगे। वे 18-19 वर्ष कीआयु में कमाई करने का सोचते तक नहीं।

फ्रि हमारे युवाओं में श्रम की महत्ता, कौशल विकास, उद्यमिता इस पर भीध्यान न रहने के कारण से कठिनाइयां खड़ी हो रही हैं। सरकार की ढीली निर्णयप्रक्रिया, लालफीताशाही, लोन इत्यादि मिलने में कठिनाई भी उद्यमिता व रोजगारसृजन की प्रक्रिया में बाधा खड़ी करती हैं। भारत में अभी तक स्वरोजगार कोनिजी उद्यम खड़ा करने को, कृषि से रोजगार सृजन को बहुत प्रोत्साहन परिवारव समाज द्वारा भी मिलता नहीं, जो कि अनिवार्य तत्व होता है, किसी भी युवा केलिए। यही नहीं अनेक स्थानों पर तो उद्यमिता व स्वरोजगार को हतोत्साहित,परिवार-गांव के लोग या मित्रगण ही करने लगते हैं। जबकि अमेरिका, यूरोप में समाज वें सरकार दोनों ही छोटे उधमियों को पेतसाहित करने में लगं रहते हैं। हारयक यूनिबर्सिटी, याशिगटन इस रमय भी 5000 छोटे उययनियों को रिसथे कारकोहे अ्य प्रकार से सहयोग करता रहता है।

**भारत का अभी रोजगार आता कहाँ से है ?-** भारत में रोजगार सृजन करने की योजना करने से पूर्व यह अनिवार्य है किसिहावलोकन करके निरीक्षण किया जाए कि अभी तक का रोजगार कहा कहां सेआा रहा हैं? भारत में प्रमुख रूप से तो 40 से 42 प्रतिशत लोग कृषि क्षेत्र में हीलगे हैं, यधपि वहां से आय का स्तर बहुत कम होता हैं। उसके अलावा 28 से30 प्रतिशत तक रोजगार छोटे या बडे उद्योगों से आता है यानि निर्माण(सैन्यूफेकचरिंग) से। और लगभग 32-33 प्रतिशत लोग सर्विस सेक्टर में सेरोजगार पाते हैं।

भारत की कुल लेबर फोर्स इस समय 51.2 करोड़ है। लेबर फोर्स अर्थात 18से 65 वर्ष के वे लोग जो रोजगार करना चाहते हैं, योग्य हैं। अब सब प्रकार कीसरकारी नौकरियां, चाहे वह राज्य सरकारों की हों अथवा केंद्र सरकार की, अर्थसरकारी हों या अन्य छोटी बड़ी। चौकीदार से लेकर भारत के राष्ट्रपति तक वउसके अतिरिक्त कार्पोरेट सेक्टर, जिसे उदयोग जगत कहा जाता है ऐसी सबप्रकार की नौकरियां 3.8 करोड़ हैं जो कुल वर्कफोर्स 51.2 करोड का लगभग7.4 प्रतिशत बैठती हैं। केवल सरकारी नौकरिया तो 2.5 प्रतिशत के आसपास हैं।जो ठेके पर दिहाड़ी पर, अनियमित व कच्ची नौकरियां हैं, या न्यूनतम वर्ष भर में100 दिन का रोजगार है, वह सब मिलाकर भी 20-21 प्रतिशत तक ही रहती हैं।शेष 79-80 प्रतिशत समाज तो कृषि, स्वरोजगार या लघु कुटीर उद्योगों से हीअपना रोजगार पाता हैं।

**रोजगार प्रदात्ता सात बड़े क्षेत्र-** भारत में संगठित क्षेत्र का योगदान भी देखा जाए तो टेक्सटाइल क्षेत्र मेंलगभग 4 करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है। फ्रि इफ्रास्ट्रक्कर (कॉस्ट्रक्शन) में3.6 करोड लोग हैं। यदयपि उनंका जीडीपी में योगदान 24 प्रतिशत रहता है।रिटेल सेक्टर में लगभग चार करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है, जीडीपी मेंयोगदान 10 प्रतिशत है। जनरल मैन्यूफैकचरिंग जो जीडीपी में तो 17 प्रतिरात कायोगदान कर रहा है किंतु वहां रोजगार 3 करोड़ तक ही है। इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत का उमरता हुआ क्षेत्र है, और गत 2 वर्षों में तो उसने बहुत तेजीसे नए आयाम पकड़े हैं फ्रि भी वहां पर 3 करोड़ से कम लोगों को रोजगार है,हां जीडीपी में उनका योगदान 8 प्रतिशत है। बैकिंग क्षेत्र में तो केवल 20 लाखलोगों को ही रोजगार मिलता है। रियल एस्टेट का जीडीपी में योगदान तो 11प्रतिशत हैं किंतु उसमें भी केवल 18 लाख लोगों को रोजगार है। यहां पर ध्यानदेने वाली बात यह है की लगभग 80 प्रतिशत रोजगार जो कृषि क्षेत्र, लघु उदयमियोँव स्वरोजगार का है,उस पर राज्य व केंद्र सरकारों का बजट लगभग 20 प्रतिशतलगता हैं जबकि नौकरी वाले 20 प्रतिशत क्षेत्र में आवंटन 80 प्रतिशत के लगभगहोता है।

**कृषिः भारत का अत्यंत महत्वपूर्ण रोजगार का क्षेत्र-** भारत के पास लगभग 16 करोड़ हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है जो कि विश्वमें किसी भी देश से अधिक है। यद्यपि हमारे देश की कुल भूमि चीन से आधी वअमेरिका की तुलना में एक तिहाई ही होगी, किंतु कृषि योग्य भूमि तो भारत केपास ही सर्वाधिक है। अभी 42-43 प्रतिशत लोग कृषि पर पूरी तरह निर्भर हैं।किंतु उनकी आय का स्तर बहुत कम है।

प्रति किसान, जोत (भूमि) भी बहुत छोटी होती है। भारत के 86.2 प्रतिशतकिसान 2 हेक्टेयर से कम की भूमि रखते हैं। वह किसी प्रकार के नए प्रयोग करनेसे भी डरते हैं, क्षमता भी नहीं होती। इसलिए न केवल कृषि क्षेत्र में कोऑपरेटिवसेक्टर को बढ़ावा देना होगा बल्कि गौ आधारित प्राकृतिक कृषि जैसे प्रयोगों को भीप्रोत्साहन देना होगा। अभी तक चर्चा केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में हीरहती है, किन्तु यदि मूल्य संवर्धन किया जाए तो कृषि से आय बढ़ भी सकती है।उदाहरण के लिए इस समय पर गेहू का एमएसपी 2015 रू. प्रति किंवटल है किंतु यदि उसे दलिया बनाकर व पैकेट में बेचा जाए तो वही 3500 रू. प्रतिक्विंटल भी बिक सकता है। कारगिल का आटा 38 रू. प्रति किलो इसी प्रकारमें परिवर्तन की प्रक्रिया अपनानी होगी।

बिकता है। इसके लिए किसानों को और सरकार को आपस में तालमेल से कृषि जैविक कृषि व प्राकृतिक उत्पाद का मूल्य भी घोषित एमएसपी से अधिक मिल जाता है। किसानों के बीच में एक बड़ा जनादोलन एफ्पीओ बनाने को लेकर भी करना होगा जिससे किसान कृषि व कृषि उत्पादों की मार्केटिंग व मूल्य संवर्धन कर अपनी आय बढ़ाने के विभिन्न उपाय खोज सकें।

**रोजगार का बड़ा क्षेत्र है- लघु. कुटीर व घरेलू उद्योग-** कृषि के बाद दूसरा बड़ा रोजगार का क्षेत्र है- लघु कुटीर एवं घरेलू उद्योग।परंतु इन पर विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों व चाइनीज कंपनियों की मार पड़ने केकारण से यह आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। जब लक्ष्य रोजगार हो ही गया तो हमेंवैसे उपायों पर भी विचार करना चाहिए। इनमें सबसे प्रमुख वह है, जो लघु उद्योगभारती व स्वदेशी जागरण मंच हमेशा कहता रहा है कि घरेलू व अन्य सामान्यवस्तुओं में, शून्य तकनीक वाले क्षेत्र में, एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गूडस)क्षेत्र में, किसी भी प्रकार की बहुराष्ट्रीय कंपनियों अथवा चाइनीज कंपनियों को नहींरहने देना चाहिए। यहां तक कि भारत की भी बड़ी कपनियों से इस क्षेत्र को मुक्तरखना चाहिए। हमें सारे देश में 'केवल स्थानीय व स्वदेशी यह अभियान चलानाचाहिए। ताकि देश के लोग सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में, घर परिवार कीवस्तुओं में केवल स्वदेशी और वह भी लघु एवं कुटीर उद्योगों की बनी हुई वस्तुओंको खरीदें, प्रयोग करें।

**लघु, कुटीर उद्योगों हेतु पुनः आरक्षण उपयोगी-** आज से कुछ वर्ष पहले तक देश में 1430 वस्तुएं ऐसी थी जो कि लघु वकुटीर उद्योगों (एसएमई सेक्टर) के लिए सुरक्षित थी, किंतु धीरे-धीरे करकेबहुराष्ट्रीय, विदेशी व बड़ी कंपनियों के दबाव में विभिन्न सरकारों द्वारा यह सूचीखत्म कर दी गई और इसके कारण से गांवों, छोटे-कस्बों में घरेलू उत्पाद बनानेवाली ईकाईयां बंद होती गई। परिणामस्वरूप बेरोजगारी बढ़ती चली गई। केवलबहुराष्ट्रीय व बाहरी कंपनिया ही नहीं बल्कि भारत के बड़े उद्योग समूहों को रिटेलके क्षेत्र में काम करने की खुली छूट दे दी गई। उदाहरण के तौर पर-रिटेल कीदुकान भी अब रिलायंस चलाता है, नमक टाटा बनाता है, तेल ऐसे ही कोई बड़ीकंपनी बनाती है। इसी तरीके से हमारे साबुन, तेल, शीतल पेय आदि उद्योगों परयूनिलीवर, लक्स, पेप्सी-कोकाकोला जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां का कब्जा है।स्वाभाविक है कि उनका मुकाबला छोटे व कुटीर उद्योग, दुकानदार नहीं कर पाते।जिससे वे शीघ्र ही बंद हो जाते हैं और रोजगार के अवसर और कम हो जाते हैं।

अत: इन 1430 वस्तुओं को या नई सूची तय करके लघु एवं कुटीर उद्योगोंके लिए आरक्षित कर देना चाहिए। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अंतर्राष्ट्रीयमानक अथवा विदेशी निवेश का क्या होगा, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मीशो गोल्ड का उद्देश्य विक्रेताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की मांग पूरी करने में समर्थ बनाना है

**रायपुर:** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने कुछ समय पहले विभिन्न श्रेणियों में किफायती प्रीमियम उत्पादों के अपने क्योरेटेड संग्रह के लिए मीशो गोल्ड पेश किया था। सितंबर, 2023 में लॉन्च हुए मीशो गोल्ड का उद्देश्य विक्रेताओं को समर्पित सहयोग प्रदान करना है ताकि प्लेटफॉर्म पर उनका अनुभव बेहतर बने। गोल्ड का टैग उन उत्पादों को दिया जाता है, जो मूल्य, गुणवत्ता और ग्राहकों के अच्छे रिव्यू के मानकों को पूरा करते हैं। साथ ही, अगर किसी उत्पाद पर गोल्ड टैग है, तो इसका मतलब है कि उसे ग्राहकों से लगातार अच्छी रेटिंग और फीडबैक मिलते आए हैं, जिससे उनकी 100 प्रतिशत विश्वसनीय क्वालिटी और भरोसा प्रदर्शित होता है। गोल्ड टैग विश्वसनीयता और गुणवत्ता का प्रमाण है। मीशो किफायती प्रीमियम सेगमेंट के विक्रेताओं को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विक्रेताओं को अपने गुणवत्तायुक्त उत्पाद पेश करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पिछले कुछ सालों में इस प्लेटफॉर्म पर जो विक्रेता किफायती मूल्य में आकर्षक उत्पाद और गुणवत्ता की 100 प्रतिशत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते आए हैं, उन्हें अपार सफलता मिली है। मीशो गोल्ड टैग वाले उत्पादों को सही मूल्य, अच्छी गुणवत्ता और ग्राहकों के सकारात्मक रिव्यू के कारण अच्छी विज़िबिलिटी मिलती आई है, जिससे विक्रेताओं को विकास करने और सफलता प्राप्त करने में मदद मिली है। मीशो गोल्ड गुणवत्ता, किफायत और विक्रेताओं को सहयोग देने पर केंद्रित रहते हुए ऑनलाईन शॉपिंग के अनुभव में परिवर्तन ला रहा है। इससे जहाँ, ग्राहकों को भरोसेमंद उत्पाद मिल रहे हैं, वहीं, विक्रेता तेजी से विकास करने में समर्थ भी बन रहे हैं। मीशो इनोवेशन और विस्तार का अपना सफर जारी रखते हुए एक जीवंत मार्केटप्लेस का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो विक्रेताओं और ग्राहकों की बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा करता रहे।

### कुमार आर्क टेक लिमिटेड ने 740 करोड़ रुपये तक के आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**रायपुर।** वजीर रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च, 2024 तक मूल्य के संदर्भ में भारत में पीवीसी2 मिश्रण-आधारित निर्माण सामग्री उत्पादों के सबसे बड़े निर्माता और निर्यातक कुमार टेक लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 2 अंकित मूल्य) की पेशकश के माध्यम से कुल 7400 मिलियन (740 करोड़) तक का धन जुटाने की योजना बनाई है। इस ऑफर में कुल 2400 मिलियन (240 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू ('ताजा इश्यू') और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल 5000 मिलियन (500 करोड़) तक के शेयरों की बिक्री का ऑफर ('बिक्री के लिए ऑफर') शामिल है। कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव किया है ङ्क (द्व) पीवीसी आधारित उत्पादों के विनिर्माण से संबंधित ग्रीनफील्ड परियोजना के लिए अपनी पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, टीआईपीएल में निवेश, जिसकी अनुमानित राशि 1820.92 मिलियन [182.09 करोड़] है और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए। (निर्गम का उद्देश्य)

### सोनी इंडिया ने पेशेवर रचनाकारों और ऑडियोफाइल्स के लिए अल्ट्रा-वाइडबैंड फ्रीक्वेंसी रेंज प्लेबैक के साथ लॉन्च किया क्लोज्ड मॉनिटर स्टूडियो हेडफोन

**नई दिल्ली :** सोनी इंडिया ने आज एमडीआर-एम1 रेफरेंस क्लोज्ड मॉनिटर हेडफोन की घोषणा की, जिसे संगीत रचनाकारों, ऑडियोफाइल्स और साउंड इंजीनियरों के लिए डिजाइन किया गया है ताकि वे किसी भी वातावरण में संगीत का निर्माण कर सकें, जैसा वे चाहते हैं। हेडफोन में हाई साउंड सेपरेशन के साथ बंद सोनिक संरचना, विशेष रूप से विकसित ड्राइवर, तथा हल्का और आरामदायक डिजाइन है, जो उपयोगकर्ताओं को अपने स्वयं के वातावरण में सृजन करने की अनुमति देता है, मानो वे स्टूडियो में हों। एमडीआर-एम1 हेडफोन स्टूडियो ध्वनि गुणवत्ता को अत्यधिक आराम और विश्वसनीयता के साथ जोड़ता है, जो संगीत उत्पादन और उच्च-रिज़ॉल्यूशन ऑडियो अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए उपयुक्त है। एमडीआर-एम1 एक सावधानीपूर्वक ट्यून किए गए सोनिक ढांचे के साथ स्टूडियो साउंड गुणवत्ता प्रदान करता है, जो संगीत उत्पादन की एक विस्तृत श्रृंखला का समर्थन करता है, साथ ही उच्च- रिज़ॉल्यूशन ऑडियो भी प्रदान करता है।

# 2013 से मुआवजा के लिए भटक रहा घनश्याम श्रीवास परेशान होकर दंडवत होकर पहुंचे कलेक्टर दफ्तर

**सारंगढ़ योगेश कुर्रे (समय दर्शन)** सारंगढ बिलाईगढ़ जिले में अनोखा तरीका से न्याय की गुहार लगाते कलेक्टर दफ्तर पीड़ित घनश्याम श्रीवास व उनकी पत्नी पहुचे, डुबान में जमीन जा चुका लेकिन मुवाबजा की राशि के लिए दर दर भटक रहे आपको बता दे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के बिलाईगढ़ ब्लाक के घनश्याम श्रीवास ने तहसीलदार,एसडीएम, कलेक्टर ,मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुके लेकिन आजतक भटक रहा और परेशान होकर अब कलेक्टर को भगवान मानकर मुख्य मार्ग से दंडवत होकर कलेक्टर दफ्तर पहुचे और आवेदन कॉपी को नारियल समझकर जिला प्रशासन को दिया और घनश्याम श्रीवास ने कहा कि इतने में भी अगर हमारा भगवान यानी कलेक्टर नहीं मानते तो उनके लिये





उपवास रखेंगे और कलेक्टर दफ्तर के पास ही बैठेंगे और इतना करने के बाद भी अगर नही होगा समाधान। तो अंतिम निर्णय किया कि मुख्यमंत्री निवास में पूरा परिवार आत्मदाह करेगे साल 2013 से पीड़ित लगातार शासन प्रशासन की चक्कर काट रहा और अब तक काटते ही फिर रहे है सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में जब फरिहा आलम सिद्धिकी कलेक्टर थी तब से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में जिला प्रशासन से गुहार लगा चुके और ऐसा गुहार दर्जनों बार बलोदाबाजार जिला प्रशासन से भी कर चुके फिलहाल सारंगढ़ जिला प्रशासन लगभग दो बार बदल चुका किसी ने उनकी समस्या को संज्ञान नही लिया अब देखना यह होगा की क्या आईएएस कलेक्टर धर्मेश साहू भी बाकी की तरह काम करते है या फिर उनकी पीड़ा और परेशानी समझते हुए पीड़ित को न्याय दिला पाते है

**डिप्टी कलेक्टर डॉ वर्षा बंसल ने दिया आश्वासन-** दंडवत होकर पीड़ित कलेक्टर दफ्तर पहुंचे तो डिप्टी कलेक्टर ने पीड़ित को बैठाकर उनकी समस्या सुनी और कहा की इसे तत्काल संज्ञान लिया जाएगा और पीड़ित की समस्या का निराकरण किया जायेगा यह आश्वासन पीड़ित को दिया गया

**दुर्भागय है सिस्टम और सिस्टम में बैठे शासन प्रशासन का रवैया-** जिस तरह से पीड़ित लगातार 11 ,12 वर्षों से भटक रहा और जितने बार अपनी आवेदन लेकर तहसीलदार ,एसडीएम, कलेक्टर,और यहां तक की मुख्यमंत्री तक पहुंच चुके है यह सिस्टम और सिस्टम में बैठे सरकार और उनके प्रशासन यह एक तमाचा से कम नहीं माना जा सकता की छत्तीसगढ़ में सिस्टम इतना सुस्त है की सालो साल से भटक रहे पीड़ित तहसीलदार ,एसडीएम,कलेक्टर और मुख्यमंत्री तक जाकर भी अगर समस्या का समाधान न हो तो अब छत्तीसगढ़ के नागरिक किनके पास जाए दुर्भाग्य नही तो क्या माने ?

# दो महीने इंतजार के बाद मजदूरों ने दिया संयंत्र प्रबंधक को आंदोलन की चेतावनी

**लकेश्वर बघेल**

**बलौदाबाजार (समय दर्शन)।** जिला बलौदा बाजार अपने खनिज संसाधनों, व सीमेंट संयंत्रों के चलते पूरे देश में जाना जाता हैं, स्थापित संयंत्रों में के क्षेत्रीय लोगों से बात करने पर पता चलता है कि क्षेत्र में ना तो बेरोजगारी दूर हुआ है और ना ही क्षेत्र में संयंत्रों के मुताबिक विकास हुआ कहीं सड़क पर देखें भारी वाहन के लगातार चलने से जानलेवा गड्ढे बने हुए तो कहीं कृषि युक्त भूमि प्रदूषित होने के कगार पर है, संयंत्र में बढ़ती मौत भी क्षेत्र के लिए संवेदनशील मुद्दा है। संयंत्र में काम करने वाले मजदूरों की माने तो उनके हर तरीके से शोषण किया जाता है जब इन चीजों का विरोध करते हैं तो प्रबंधन की टीम कुछ सरल मुद्दों का निराकरण करते हुए जटिल मुद्दों पर केवल आश्वासन मात्र देते हैं फिर एक बार इंटक मजदूर यूनियन प्रबंधन को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चेताया है की मांग पूरा नहीं होने की स्थिति में 5 अक्टूबर को अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा।

**अंबुजा अदानी सीमेंट लिमिटेड ग्राम रवान को लिखा पत्र-** संयंत्र के प्रबंधक को छत्तीसगढ़ सीमेंट और खदान इंप्लाईज यूनियन (इंटक) ने अपनी मांगों को लेकर पत्र लिखा है –

पैकिंग प्लांट टी. सी. जैन के 4 लोडर को 7 माह पूर्व काम से निकाल दिया गया है, उसे तत्काल कार्य पर वापस काम पर लिया जाए,पैकिंग




प्लांट लोडर एवं ऑपरेटर द्वारा टन और अलाऊंस को अलग करने पिछले 1 साल से जायज माँग किया गया था,दो माह पहले एच. आर. हेड ठेकेदार एवं युनियन पदाधिकारियो के समक्ष त्रिपक्षिय वार्ता हुई थी।

जिसमें 2 माह में पूरा करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक पूरा नहीं किया गया।,पैकिंग प्लांट महाराजा ग्रूप एवं गणेश एण्ड विजय शर्मा ठेका श्रमिको को 8 घण्टा सिप्ट ड्युटि दिया जाए, कालीन ड्युटि बंद किया जाए। 5. पैकिंग प्लांट में गेट क्लोजर कार्य के लिए अलग से श्रमिक रखा जाए,समस्त ठेका श्रमिको को वार्षिक वेतन वृद्धि एवं पदोन्नति का लाभ दिया जाए,सतकरतार माइनिंग ठेकादार के डम्पर, लोडर, पी.सी., डोजर ऑपरेटर को अलाऊंस दिया जाए ,प्रोडक्शन विभाग ठेका श्रमिको को आल अलाऊंस का लाभ दिया जाए, माइंस के ठेका श्रमिको को रु.रु छुट्टी का लाभ दिया जाए,समस्त ठेका श्रमिको को हॉलीडेय अवकाश एवं श्ररू-ष्टरु छुट्टी का पैसा तत्काल भुगतान किया जाए, पैकिंग प्लांट लोडर घनाराम वर्मा जो कि 1 वर्ष पहले बी पाली ड्युटि से घर जाते समय प्लांट से लगभग 100 मीटर की दूरी पर दुर्घटना हो गया जिसका ईलाज के अभाव में एक पैर काटना पड़ा है। जबकि श्रमिक का घर आते जाते 30 मिनट समय की जिम्मेदारी निमानुसार कंपनी की होती है। लेकिन आज तक उसे ईलाज खर्च नही दिया गया है। ईलाज का पूर्ण खर्च दिया जाए एवं उसे काम पर लिया जाए,समस्त ठेका श्रमिक श्वस्ङ्कष्ट के दारे से सालाना 3 लाख मेडिक्लैम का लाभ दिया जाए। 13. सभी ठेका श्रमिको कि पंचिंग, गेट पास, पेंमेंट स्लिप, न्युक्ति प्रमाण पत्र, श्वस्ङ्कष्ट कार्ड, पी. एफ नं.. बैंक खाता में पेंमेंट दिया जाए एवं हर माह 10 तारिख के भितर सभी श्रमिको की वेतन भुगतान किया जाए, सभी श्रमिको साल 2023-24 की सालाना बोनस 20त्न दिया जाए ,संयंत्र के भीतर सभी विभागो के कार्यस्थल जैसे बेल्ट कन्वेयर, प्लेटफार्म, सिढी, छावनी सीट, मटेरियल सिप्टिंग एवं सभी ऊँचाई वाले स्थानो की अतिरिक्त मटेरियल जमा है, उसे सफाई किया जाए।

**समस्या की समाधान के लिए लगातार होते रहे बैठक-** मजदूर यूनियन ने बताया कि संस्थान में कार्यरत श्रमिक ए पुल, बि पुल तथा रेगुलर कर्मचारियों के संबंध में यूनियन के माध्यम से संयंत्र को अनेक बार लिखित पत्र देकर संस्थान में समन्वय का वातावरण बनाने का प्रयास किया, मिलने का आग्रह भी किया था, कार्यरत श्रमिकों के मांगो के संबंध में रायपुर स्थित सहायक श्रम आयुक्त के कार्यालय में त्रिपक्षी बैठक में हुआ था लेकिन,

अधिकारियों( संयंत्र) के रवैया के कारण उसमें भी कोई समाधान नहीं निकल सक, यूनियन के पदाधिकारी के द्वारा अनेक बार श्रमिकों की समस्या को एच आर हेड के साथ बातचीत कर सुलझाने का प्रयास किया गया मगर उसमें भी कोई परिणाम नहीं निकला, पैकिंग प्लांट सहित संयंत्र में कार्यरत सभी विभागों के श्रमिकों के संबंध में मौखिक रूप से कई बार शिकायत किया मगर आज तक इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया जिससे निराश होकर श्रमिक ना चाहते हुए भी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए विवश हैं श्रमिकों में काफी आक्रोश निर्मित हो चुका है,और ऐसे में यह किस प्रकार के मजदूर नियमो का उल्लंघन करता है, ऐसे में इस मामलो मे शासन स्तर पर किस प्रकार से कार्रवाई होती है, और आक्रोशित मजदूरों का परिणाम किसको भुगतना पड़ता है यह देखने वाली बात होगी।

# सभी स्टेंट एक जैसे नहीं होते: हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सामल

**बिलासपुर :** स्टेंट छोटे लेकिन महत्वपूर्ण उपकरण होते हैं जो धमनी को उस क्षेत्र में खुला रख सकते हैं जहाँ पर संकुचन है। इन्हें एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया में डाला जाता है, या तो दिल के दौरे के इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति के रूप में या योजनाबद्ध तरीके से उस धमनी को चौड़ा किया जा सकता है जो वसायुक्त पट्टिका के जमाव के कारण संकुचित हो रही है।

विश्व हृदय दिवस 2024 के अवसर पर अपोलो अस्पताल, बिलासपुर के वरिष्ठ कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ महेंद्र प्रसाद सामल ने यह जानकारी दी।

वह बताते हैं यदि धमनी को केवल एक गुब्बारे से फैलाकर खोला जाए (स्टेंट के बिना एंजियोप्लास्टी), तो धमनी पीछे हट सकती है और बाद में पुनः संकीर्ण हो सकती है। पुनः संकीर्ण होने का जोखिम लगभग 30 प्रतिशत है, जबकि स्टेंट के प्रयोग से यह लगभग 10-15 प्रतिशत तक कम हो जाता है। यदि वह स्टेंट × ड्रग-एल्यूटिंग स्टेंट है, तो जोखिम घटकर 2-3 प्रतिशत रह जाता है। स्टेंट के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आम सामग्री स्टेनलेस स्टील, प्लैटिनम क्रोमियम मिश्र धातु और कोबाल्ट-क्रोमियम मिश्र धातु हैं। ये सामग्री धमनी को संरचनात्मक सहायता प्रदान करती हैं। डॉक्टर कहते हैं वह बताते हैं ड्रग



एल्यूटिंग स्टेंट पैक्लिटैक्सेल जैसी दवाओं से लेपित होते हैं – जो नई कोशिकाओं के विकास को रोकते हैं या धीमा करते हैं। जिससे उपचार प्रक्रिया नियंत्रित होती है और कोरोनरी धमनियों के पुनः संकुचित होने की संभावना कम हो जाती है वह बताते हैं इसके अतिरिक्त, कुछ स्टेंट में बायोडिग्रेडेबल पॉलीमर कोटिंग होती है जो समय के साथ घुल जाती है, तथा दवा को धीरे-धीरे छोड़ती है। यह दीर्घकालिक एंटीप्लेटलेट थेरेपी की आवश्यकता को समाप्त करता है, जिससे स्टेंट थ्रोम्बोसिस का जोखिम कम हो जाता है, जो स्टेंट लगाने की एक दुर्लभ लेकिन गंभीर जटिलता है।

डॉक्टर कहते हैं कि धमनी को प्रभावी ढंग से खोलने और रक्त प्रवाह में सुधार करने के लिए स्टेंट का आकार सही होना चाहिए, लेकिन यह इतना छोटा भी होना चाहिए कि धमनी को नुकसान न पहुंचे। बड़े समीपस्थ वाहिकाओं और बायीं मुख्य धमनियों के लिए बेहतर दृश्यता और मजबूती के साथ विशेष रूप से निर्मित स्टेंट उपलब्ध हैं।

# सरायपाली में राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह आयोजित

## छात्रों में संस्कार और संस्कृति का बोध कराने का दायित्व शिक्षक पर : चातुरी

**शंकर लहरे/ सरायपाली (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा के तत्वाधान में सरायपाली में राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह सरायपाली विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद के मुख्य अतिथि में, सरायपाली जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर की अध्यक्षता में, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा एवं रोमी सलूजा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती एवं माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के सम्मान में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से चातुरी नंद ने कहा कि गुरु के आगे हमारा मस्तक हमेशा श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु के हृदय में हमेशा बच्चों के प्रति प्रेम उमड़ता है। बच्चों में संस्कार संस्कृति और परंपरा का बोध कराने का दायित्व आज शिक्षकों के सामने है जो सबसे बड़ी चुनौती है। छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है उसके लिए समिति साधुवाद का पात्र है। इसी संस्था ने मुझे पिछले वर्ष नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया था। तरह के सम्मान से समाज का उत्थान होता है। चंद्र कुमार पटेल ने कहा कि गुरुओं का सम्मान करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। सरायपाली नगर क्षेत्र में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए समिति को धन्यवाद देता हूँ । स्वर्ण सिंह सलूजा ने कहा कि सरायपाली अंचल के लिए गौरव की बात है कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हो रहा है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से शिक्षक पहुंचे हैं। समारोह को कुमारी भास्कर एवं रोमी सलूजा ने भी संबोधित करते हुए सम्मानित होने वाले समस्त शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू ने समिति के उद्देश्य एवं रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि समिति विभिन्न विधाओं में विशिष्ट जनों का सम्मान करने का कार्य करती है, साथ में मां भारती के आंचल को




हरा भरा करने के लिए भी बृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्य कर रही है। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों को एक पेड़ माँ भारती के नाम पर रोपण अपने अपने स्कूल परिसर में करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में बस्तर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, अंबिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, सक्ति, सारंगढ़, बलौदाबाजार भाटापारा, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, गरियाबंद, कबीरधाम, सुकमा सहित अन्य जिलों से 110 उत्कृष्ट शिक्षकों को छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न 2024 से सम्मानित किया गया। प्रत्येक शिक्षक को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया । समारोह को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजनधारा के प्रदेश अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष द्वय निर्मला साहू एवं डिजेन्द्र कुर्रे, सचिव कलेश्वर साहू, सहसचिव वेद प्रसाद पटेल, कोषाध्यक्ष धात्री नायक, सह कोषाध्यक्ष कल्पना भोई, प्रवक्ता एवं महासमुंद जिलाध्यक्ष रोहित शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद साव, सह मिडिया प्रभारी प्रहलाद साहू, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश साहू, मनोज कैवर्त, मनोज साहु, सुनीता साहू, परमानंद साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन भागवत साहू ने एवं आभार व्यक्त डीजेन्द्र कुर्रे ने किया।

**इन शिक्षकों का किया गया सम्मान-** आज के सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कमलेश साहू, डॉ पूनम सिंह साहू, सुशील प्रधान, वीरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ विवेक दास, डॉ जगदीश साहू, लिंगराज पटेल, दीपक पांडे, लक्ष्मण नामदेव, चैतन्य साहू, अनीता महीश, अश्विनी प्रधान, शरण दास, रमाकांति दास, शिव साहू, प्रेमचंद भोई, पीताम्बर मानिकपुरी, चन्द्र कुमार चन्द्रा, तुलसी प्रसाद साहू, परिणीता कश्यप, मुक्ता देवांगन, निवेदिता मंडल, हपका मुत्ता, सरोजनी साहू, बिसम्भर दास, सुरेन्द्र रात्रे, लक्ष्मीकांत साहू, शांता देवी साहु, महादेव जायसवाल, देवकुमार सूर्यवंशी, सोना सिंह, गुलाब सिन्हा, खितेश्वर प्रधान, सरोज कंसारी, दुष्यन्त वर्मा, कृष्ण कुमार ध्रुव, अरुण देवांगन, मनीलाल पटेल, तारामती साहू, यशवंत बघेल, तानसेन वर्मा, लक्ष्मी नारायण सेन, समय लाल काठे, यदुमणी चौहान, चैतन्य साहू, नारायण साहू, उदय मालाकार, अनिता साहू, सुभाषिनी भगत, सरविन्द सिदार,विरेन्द्र चौधरी, निरंजन लाल पटेल, योगिता सिदार, घनश्याम साहू, आरती ठाकुर, राजाराम साहू, रमाशंकर साहू, सीता देवी कश्यप, मिश्री लाल साहू, लखेश्वर साहू, गौतम भारती, कामिनी किरण साहू, सरिता चंद्रा, मोती साहू, होरीलाल खरे, देविका हिरवानी, ईश्वर ठाकुर, बुधेश्वर कश्यप, रश्मि जैन, भारतमाता खटकर, ओमप्रकाश साव, हरिराम साव, विजय साहू, पुष्पा साहू, दिनेश खूंटे, ममता कुर्रे, अजय नारंग, वारिश कुमार, नीलम कुमार, ईनूराम वर्मा, मनीषा सोनी, नीलाम्बर नायक, अंजू सलाम, सुनीता अजीत, अमित भोई, हिरासाय बरेठ, रुपलता कुर्रे, रूपनारायण ध्रुव, रुबीना बानो, गफ्फार खान, रीता पति,शंकर सिदार, रामप्यारी सिदार, आरती कलसा, बुधनी अजय, राजीव तिवारी, धनीराम नंद, लक्ष्मण पटेल, लोकनाथ ताण्डेय, विनोद डडसेना, उर्वशी नेताम, हेमंत खटकर, उर्मिला मिश्रा, गुणवती साहू, बृन्दावती साह, संतोषी साव, शीला बिश्वास, पीताम्बर पाठक, मदन लाल तोमर, कृष्ण कुमार नेताम प्रमुख हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह मंत्री से नहीं संभल रही राज्य में कानून व्यवस्था इस्तीफा दें- मतिराम सुमन

**गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ को बना दिया अपराध गढ़ इस्तीफा दें**



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )** सारंगढ़ आम आदमी पार्टी के यूथ विंग जिला अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है छत्तीसगढ़ का हर नागरिक असुरक्षित है हर रोज हो रही हत्या बलात्कार लौट और चाकू बाजी की घटनाओं से प्रदेश में भय का माहौल बन गया है पुलिस के सामने एक आदमी को उसके घर में जिंदा जला दिया जाता है पुलिस मुख्य दशक बनी रहती है पुलिस कस्टडी में ग्रामीणों की मौत हो जाती है कवर्धा के लोहड़ी डी में हत्या हो जाती है बालोद में 7 साल की नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म हो जाता है राज्य में कलेक्टर एसपी कार्यालय जलाई जा रहे हैं राजधानी के बस स्टैंड में महिला के साथ सामूहिक बलात्कार हो जाता है भिलाई के स्कूल में 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुराचारी होता है बलरामपुर में व्यापारी से 5 करोड़ की लूट हो जाती है राजधानी में अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गोलियां चलाते हैं राजधानी में अपराधी खुला घूम रहे हैं राजधानी रायपुर के तेलीबांधा मरीन ड्राइव 22 23 सितंबर की दमयां रात एक युक्ति की चाकू मार कर हत्या कर दी जाती है कानून व्यवस्था पर पुलिस सरकार नाकाम साबित हो रही है अभी कुछ दिनों से लगातार कवर्धा जिले में रोज हत्याएं हो रही है जब गृह मंत्री अपना जिला नहीं संभाल पा रही है तो प्रदेश कैसे संभालेंगे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कानून व्यवस्था पर मौन है जो समझ से परे हैं छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की घटना बढ़ गई है निर्देश आदिवासी मारे जा रहे हैं जो कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार में भ्रष्टाचार चरम में था विष्णु देव सरकार ने उसका भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है नौजवान नशे के लत में डूबे हुए हैं वन विभाग के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला हो रहा है उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री जी से मांग करते हैं कि वह गृह मंत्री विजय शर्मा जी से तत्काल त्यागपत्र ले अन्यथा उनके गृह मंत्री रहते अपराधियों के हौसले बुलंद रहेंगे और राज्य ऐसे ही अपराध कर बना रहेगा

### सरायपाली से शिक्षक ओमप्रकाश साव छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न एवं आदर्श शिक्षक से हुए सम्मानित




**सरायपाली( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान 2024 का आयोजन सरायपाली में रखा गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न अंचलों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया, छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान 2024 में सरायपाली से ओमप्रकाश साव, शिक्षक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी, संकुल सिंघोड़ा, वि.खं. सरायपाली को छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न से सम्मानित किया गया। शिक्षक ओमप्रकाश साव द्वारा नवाचारी शिक्षण से शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी में एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में अब तक सर्वाधिक 70 छात्रों का चयन एवं इंस्पायर अवार्ड मानक में 9 छात्रों का चयन हो चुका है। विगत कुछ दिन पूर्व ही शिक्षक ओमप्रकाश साव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्वर्गीय डॉक्टर पद्मा डड़सेना आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह 2024 में आदर्श शिक्षक के रूप में सम्मानित किया जा चुका है।

### काउंटरपॉईंट सर्वे : OPPO India को आफ्टरसेल्स सर्विस में No 1 मिला; 62 % ग्राहक 'अत्यधिक संतुष्ट' रहे

**नईदिल्ली।** OPPO India अतुलनीय सेवा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ आफ्टर-सेल्स और कस्टमर सर्विस में पहले स्थान पर आया है। इसके 62% ग्राहकों को उनकी इन-स्टोर आफ्टर-सेल्स सर्विस बहुत 'संतोषजनक' महसूस हुई। अगस्त, 2024 में काउंटरपॉईंट रिसर्च में भारत के सर्वोच्च पाँच मोबाईल ब्रांड्स के 2000 से ज्यादा ग्राहकों का सर्वे करके उनके आफ्टर-सेल्स सर्विस अनुभव के बारे में जाना गया।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**सभी अधिकारी फिल्ड पर जाकर करें निरीक्षण - कलेक्टर**

**छूटे विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र समय सीमा मे बनाने के दिए निर्देश**



**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को प्रति सप्ताह फिल्ड में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वस्थ जांजगीर-चांपा अंतर्गत दिव्यांगता जांच शिविर, चिरायु योजना सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में शेष बचे लोगो का आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड ई-केवायसी, राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर लगाकर तेजी से निराकरण करने एवं सभी जनपद सीईओ को शिविर का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा करते हुए छूटे हुए विद्यार्थियों का समय सीमा जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने शत प्रतिशत त्रुटि रहित गिरदावरी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने ओबीसी सर्वेक्षण स्थिति, लंबित अनुकंपा नियुक्ति, अटल विहार योजना के लिए भूमि का चिन्हाकन करने, निराश्रित निधि योजना, आंगनबाड़ी बाल मूल्यांकन कार्ड का वितरण, सुशासित ग्राम अभियान, दस प्रयत्नम, मेरा स्वच्छ विद्यालय-मेरी ज़िम्मेदारी अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, डिजिटल सर्वेक्षण, डायवर्सन के प्रकरण, स्वामित्य योजना, नक्शा बटांकन की जानकारी, विवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन के प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य, पीएम किसान सम्मान निधि की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पोषण माह के अंतिम दिन स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया

**आंगनबाड़ी केन्द्रों में की गई साफ- सफाई**

**हितग्राहियों के घर जाकर तैयार किया गया पोषण वाटिका**



**महासमुंद/** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पिछले एक महीने से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाए जा रहे पोषण माह का समापन स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता और सफाई के महत्व को भी बताया गया। हितग्राहियों के घरों में जाकर पोषण वाटिका तैयार किया गया। साथ ही भारत सरकार द्वारा सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर यहां वेबिनार के माध्यम से कार्यक्रम का श्रवण किया गया। आज शहरी परियोजना अंतर्गत पंचशील वार्ड में सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वच्छता ही सेवा, जागरूकता, पोषण और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर पोषण माह में किए गए गतिविधियों का पुन: वाचन कर उसके उद्देश्यों को स्मरण किया गया। इस दौरान पार्षद श्री मनीष शर्मा, यूनानी डॉ. असफाक अहमद, पर्यवेक्षक शीला प्रधान, कुंती यादव, रीतु सिन्हा, कीर्ति परोहा, राजेश्वरी निषाद, दुलारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे मौजूद थी। सफाई कार्यक्रम के पश्चात पार्षद श्री मनीष शर्मा ने राष्ट्रीय पोषण माह द्वारा संचालित गतिविधियों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए गए अभियान की सराहना की गई। तत्पश्चात स्थानीय सुशील सैम्युअल वार्ड में हितग्राहियों के घर जाकर पोषण वाटिका तैयार करने की विधि बताई गई और भाजी व अन्य सब्जियों के बीज रोपण कर पोषण वाटिका तैयार किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की शहरी परियोजना की परियोजना अधिकारी श्रीमती शैल नाविक एवं पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने पोषण वाटिका के महत्व को बताया। उन्होंने माह भर संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि पोषण माह मुख्य रूप से महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार पर केंद्रित था। पोषण माह में स्थानीय प्रशासन और सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों ने भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए विभिन्न जागरूकता अभियान, पोषण पखवाड़े, और पोषण थाली जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, कुपोषण को कम करने, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने, और पोषक आहार के महत्व पर बल दिया गया। पोषण माह के दौरान, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में पोषण संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों पर जोर दिया गया, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ जीवन की नींव प्रदान की जा सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व सेक्टर अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं, सहायिका तथा जनसमुदाय से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है।

## आरोपी लिपिक का निलंबन और बहाली पर आदेश दिखाने से इनकार




**कैथोलिक वर्ग के स्कूलों में भी जमकर हो रही अनियमितता**

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** भारत माता उच्चतर माध्यमिक शाला में कार्यरत शिक्षकों को शासकीय अनुदान वाली नौकरी के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी हुई थी। स्कूल के लिपिक ग्लोरियो खलको को न्यायालय से राहत मिली और उन्हें अग्रिम जमानत मिल गई। पर स्कूल प्रबंधन में उन्हें निलंबित कर दिया है। निलंबित करने वाले पदाधिकारी इस बात का जवाब नहीं देते कि कर्मचारियों को 15 लाख वसूली के लिए निलंबन किया गया, या कार्य से अनुपस्थित रहने के कारण। भारत माता स्कूल का यह मामला कुछ दिन पहले तब चर्चा में आया जब स्कूल में नौकरी करने वाले अभिजीत दास, गौरव मिश्रा, मुकेश कश्यप एवं स्मिता श्रीवास्तव ने स्कूल के मुख्य लिपिक ग्लोरियो खलको के विरुद्ध थाना तारबहार में शिकायत करवाई और पैसा लेकर काम नहीं करने की बात कही।

पुलिस ने लिपिक और उसके पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। बाद में लिपिक को अग्रिम जमानत मिल गई और दूसरी ओर शाला प्रबंधन ने उसका निलंबन कर दिया। और कुछ ही दिन बाद बहाली कर दी। इन दिनों शहर की ईसाई शिक्षण संस्थाओं का बुरा दौर चल रहा है। एक तरफ बर्जेस स्कूल में एनसीईआरटी के स्थान पर निजी प्रकाशक की पुस्तक, फीस बढ़ोतरी, यूनिफॉर्म में बदलाव की शिकायत है तो दूसरी ओर भारत माता जैसे प्रतिष्ठित शाला में नौकरी लगाने के नाम पर पैसा खा लेने का मामला चर्चा में है।

प्रबंधन कोटे और अनुदानित कर्मचारी की वेतन के बीच जमीन आसमान का अंतर है। प्रबंधन कोटे का कर्मचारी यदि 10000 प्रति माह पर है तो अनुदान खंड वाला व्यक्ति 80 से 90000 रुपया प्रति माह पता है। काम की दृष्टि से देखे तो प्रबंधन कोटे वाले पर काम का दबाव अधिक है। क्योंकि उसे नौकरी चल जाने का डर भी है।

जिन शिक्षकों से लिपिक ने पैसा लिया था उनका कहना है कि प्रत्यक्ष तो नहीं अप्रत्यक्ष दबाव जरूर डाला जाता है। हमने लिपिक के निलंबन और बहाली आदेश की कॉपी मांगी थी, पर अभी तक दिखाई नहीं गई। लिपिक के ऊपर जिस तरह के गंभीर आरोप हैं। उसकी बहाली के बाद उसे इसी स्थान पर रखना सीधा संकेत है कि प्रबंधन का लिपिक के साथ कुछ विशेष संबंध है।

इन दोनों ईसाई शैक्षणिक संस्थाओं की जिस स्तर पर शिकायतें आ रही है कोई बड़ी बात नहीं की कैथोलिक वर्ग का यह शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ में जिन 22 स्कूलों का प्रबंध करता है में भी बड़ी वित्तीय अनियमितता हो। प्रबंधन के कर्मचारियों की संख्या इतनी तो है ही की वे ईपीएफके दायरे में आए, पर ऐसा है नहीं सब मैनेजमेंट कोटे के कर्मचारी ईपीएफ कोटे में नहीं आते। साथ ही कुछ गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को तो कलेक्टर दर का वेतन मान भी नहीं मिलता।

## दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा पत्रकारों की समस्याओं के समाधान की मांग हेतु मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया



**दंतेवाड़ा/किरंदुल ( समय दर्शन )।** श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों की समस्याओं के त्वरित निदान की मांग की है। संघ ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के माध्यम से यह ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों की स्थिति पर चिंता जताई गई है।

**ज्ञापन में प्रमुख मांगें शामिल हैं:** पत्रकार कल्याण कोष की राशि बढ़ाकर 5 लाख की जाए। सम्मान निधि योजना की अधिमान्यता की शर्त समाप्त की जाए। सम्मान निधि की राशि 15 हजार की जाए। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा गठित समिति का पुनर्गठन हो।

साप्ताहिक और मासिक समाचार पत्र के संपादकों को अधिमान्यता दी जाए। पत्रकारों के लिए टोल टैक्स मुक्त किया जाए। विश्राम गृहों में पत्रकारों के लिए आरक्षण की सुविधा हो। ग्रामीण पत्रकारों के लिए वार्षिक भ्रमण की व्यवस्था हो। वेतन बोर्ड के नियमों के अनुसार वेतन दिलाने की कार्रवाई की जाए।शासकीय विज्ञापनों में स्थानीय चैनलों को प्राथमिकता दी जाए। पत्रकारों को न्यूनतम दर पर जमीन दी जाए। पत्रकारों को न्यूनतम दर पर जमीन दी जाए। सुकमा के पत्रकारों पर दर्ज मामले को समाप्त करने के लिए पुलिस को प्रस्ताव भेजा जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष आज़ाद सक्सेना, जिला महासचिव जीतेन्द्र चौधरी, जिला संरक्षक पंकज सिंह भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष अनीश सिंह परिहार, जिला संयोजक शैलेन्द्र ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष आरके बैरागी, हरीश शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष बचेली गोविन्द सिंह, कुआँकोंडा ब्लॉक सचिव आरके दुर्गा, एस एच अज़हर, किशोर जाल आदि पत्रकार बंधु मौजूद थे.

## 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती के दिन राजधानी मे होने वाले सँयुक्त पत्रकार महासभा की तैयारियां तेज

**संयुक्त पत्रकार महासभा से जुड़े प्रदेश के 30 से अधिक पत्रकार संगठन एक मंच से एकता का करेंगे आगाज**

**बसना ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रदेश के 30 से अधिक पत्रकार , मीडिया कर्मियों के संगठन एक मंच पर आएंगे और पत्रकारों के हित में एकजुटता का परिचय देंगे। यह ऐतिहासिक पत्रकार महासभा 2 अक्टूबर 2024 को रायपुर के गॉस मेमोरियल ग्राउंड, आकाशवाणी चौक में आयोजित की जाने वाली है । इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों पत्रकारों के आने की सूचना मिल रही है। पत्रकारों की एकजुटता तथा देश में निर्भीक पत्रकारिता के लिए वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में पहली बार लगभग सभी पत्रकार संगठन पत्रकार हितों के लिए एक मंच पर आ कर संकल्प लेंगे।

**महासभा का उद्देश्य-** छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का हित संवर्धन तथा पत्रकारिता के भविष्य को बेहतर बनाना भी है। यह आयोजन पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम व मील का पत्थर साबित होगा । महासभा में पत्रकारों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा होगी और उनके समाधान के लिए सामुहिक रणनीतियाँ बनाई जाएंगी। जिसके अंतर्गत भविष्य में सामूहिक प्रयासों से स्वास्थ्य बीमा, पीड़ित पत्रकारों को कानूनी, आर्थिक मदद तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित करने की योजनाएं बनाई जाएंगी ।

सुदूर सरगुजा संभाग के अंबिकापुर, कोरिया, जशपुर,बलरामपुर जिलों के साथ साथ दूरस्थ दक्षिणी जिले सुकमा बीजापुर तक के पत्रकार राजधानी रायपुर में पत्रकारिता संकल्प के लिए 2 अक्टूबर 2024 को एकत्र हो रहे हैं। प्रदेश के कोने कोने में ब्लॉक, तहसील , जिला मुख्यालयों के पत्रकारों में इस




आयोजन को ले कर व्यापक चेतना तथा उत्साह का वातावरण बना हुआ है। देश की राजधानी दिल्ली तथा अन्य राज्यों के वरिष्ठ पत्रकारों में भी इस आयोजन की चर्चा है , जिसमें विभिन्न पत्रकार संगठनों के सामूहिक मंच संयुक्त पत्रकार महासभा की पहल पर होने वाले पत्रकारिता संकल्प की व्यापक प्रतिक्रिया है। देश में पहली बार किसी राज्य में ऐसा आयोजन हो रहा है जिसमें अलग अलग पहचान रखने वाले विभिन्न पत्रकार संगठन पत्रकारों के व्यापक हितों को प्राथमिकता देते हुए एक मंच पर एकत्र हो रहे हैं।

**जायज मांग व व्यवस्था पर चर्चा के साथ विवादित मुद्दे का समाधान-** इस आयोजन में छत्तीसगढ के पीड़ित प्रताड़ित ऐसे पत्रकार जिनकी खबरों के कारण उनके खिलाफ़ शासन- प्रशासन, प्रबंधन या आपराधिक माफ़ियाओं द्वारा हमले, एफआईआर तथा द्वेषपूर्ण कानूनी कार्यवाही की गई है। वे सभी अपने अपने मामले महासम्मेलन में उपस्थित प्रदेश भर से आए पत्रकारों के समक्ष मंच में रखेंगे। सम्मेलन के दूसरे सत्र में छत्तीसगढ में कार्यरत, कार्यक्रम में सहभागी विभिन्न पत्रकार संघ, संगठन के प्रमुख अपने अपने उद्देश्य,कार्य,अनुभव मंच से साझा करेंगे। पत्रकारों के हितों के लिए सरकार द्वारा अब तक घोषित तथा क्रियान्वित योजनाओं की इसी मंच पर सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया होगी। इस सोशल आडिट से पत्रकारों की अधिमान्यता, सम्मान निधि, आर्थिक सहायता, चिकित्सकीय सहायता, भ्रमण तथा प्रशिक्षण के मुद्दों पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए पत्रकार जिलों की वास्तविक स्थितियों को मंच के समक्ष रखेंगे। इस तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया से प्रदेश में पत्रकारों के लिए की गई व्यवस्थाओं पर चर्चा होगी।

**किनकी रहेगी विशेष भागीदारी-** इस महासम्मेलन में भागीदारी के लिए प्रदेश के विभिन्न प्रेस क्लब तथा जिला पत्रकार संघों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है ,जैसे रायपुर प्रेस क्लब, बेमेतरा प्रेस क्लब, कोंडागांव प्रेस क्लब, महासमुंद प्रेस क्लब, कुम्हारी प्रेस क्लब, दुर्ग प्रेस क्लब, कांकेर जिला पत्रकार संघ तथा अन्य जिलों के प्रेस क्लब आमंत्रित हैं। पत्रकारिता संकल्प में छत्तीसगढ के सभी प्रेस क्लब तथा पत्रकार संगठनों ने व्यापक भागीदारी की सूचना दी है।

आयोजन में सहभागी संगठनों में पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़, इंडियन जर्नलिस्ट्स यूनियन, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स, पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़,छत्तीसगढ श्रमजीवी पत्रकार संघ ( पंजीयन क्रमांक 617),छ ग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन, स्टेट वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन छत्तीसगढ़, आदर्श पत्रकार संघ,छत्तीसगढ जर्नलिस्ट यूनियन, छत्तीसगढ सक्रिय पत्रकार संघ, छत्तीसगढ प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन, अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति, प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट , सद्भावना पत्रकार संघ, छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब, छत्तीसगढ़िया पत्रकार महासंघ , भारतीय पत्रकार संघ ,द जर्नलिस्ट एसोसिएशन, मीडिया पत्रकार मंच, , छत्तीसगढ लघु समाचार संपादक संघ , अखिल भारतीय पत्रकार एवं संपादक एसोसिएशन,पत्रकार प्रेस महासंघ, प्रदेश पत्रकार यूनियन,छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन, राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा, पत्रकार जनकल्याण समिति, प्रेस एंड मीडिया वेलफेयर एसोसिशन पत्रकार सुरक्षा कानून संयुक्त संघर्ष समिति छत्तीसगढ तथा वर्किंग जर्नलिस्ट मिडिया कौंसिल का नाम भी शामिल है।

**हक और अधिकार के लिए एकता पर बल**-राज्य स्तर पर संचालन समिति ने प्रदेश के पत्रकारों से निवेदन किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में 2 अक्टूबर को रायपुर में उपस्थित रहें और इस विशाल मुहिम में तन मन धन से सहयोग प्रदान करें। पत्रकारिता को मजबूत बनाने के लिए एकजुट हों और अपने अधिकारों की लड़ाई में सफलता प्राप्त करने एकता पर बल दिया जाएगा । अधिकतम पत्रकारों की उपस्थिति से पत्रकारिता की ताकत बढ़ेगी और हमारे समाज में पत्रकारों की भूमिका को मजबूती मिलेगी। यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जहां पत्रकार एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। शहर/ग्रामीण स्तर पर कार्य करने वाले सभी पत्रकार साथियों को इसका लाभ मिले। अपने हक और अधिकार की लड़ाई है, सभी कलमकार साथियों से अपील किया जा रहा है कि महासभा को सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## खबर-खास

## सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन, स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण कर योजनाओं से किया गया लाभान्वित



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसी तारतम्य में आज नगर पालिका गरियाबंद द्वारा सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया।इसमें सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीयन भी किया गया।मेडिकल कैम्प में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से लगभग 50 सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सलाह दिया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया।लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं नगर को कचरा मुक्त बनाने में अपनी महती भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदीयों ने स्वयं जागरूक होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। पंजीयन शिविर में श्रम विभाग की योजनाओं,आयुष्मान कार्ड,प्रधानमंत्री सुक्षा बीमा योजना,आवास योजना, पेंशन योजना,राशन कार्ड,आधार कार्ड जैसे अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों को प्रदान करने के लिए पंजीयन भी किया गया।उल्लेखनीय है कि स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत कचरा मुक्त करने,कचरा पृथक्करण,साफ सफाई के संबंध में लोगों को समझाईश दिया जा रहा है।साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थलों, तालाबों,उद्यानों आदि में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## विश्व हृदय दिवस*राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गार्गी यदु पाल मैडम के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ.लक्ष्मीकांत कांत जांगड़े के मार्गदर्शन में 30 सितंबर को *राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत *छुरा॥क गरियाबंद* द्वारा जिले के पारागांव , नहर गाँव,माल गाँव शासकीय स्कूल के विधार्थी हेतु *तंबाकू नियंत्रण जागरूकता*एवं शिक्षक वर्ग के लिए सवास्थ्य जाँच कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे तंबाकू के दुष्प्रभाव -एवं बच्चो को तंबाकू से कैसे दूर रहना है पालक वर्ग को नियंत्रण कैसे करना है,कैंसर, हृदय रोग,मधुमेह इत्यादी रोगों से कैसे अपने आप को बचाना है द्वद्वह्वह्वह्न द्वड्डड्ड्रह्न ह्मह्वश्चह्रड्ड्रह्न ड्ड्ड्ड्रह्न ह्मद्धद्वह्वत्र द्वड्डड्ड्ड्रह्न स्मोकिंग के बारे मे बताया गया इस कार्यक्रम मे स्कूल प्रबंधन का सहयोग रहा,जिसमे जिला अस्पताल स्टाफ उमेश सोनी,साधना कश्यप,नूरेश्वर के द्वारा आयोजन संपन्न हुआ।

## स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने ग्रीन एनर्जी पहलों को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों और हाउसिंग सोसाइटी के लिए शून्य कॉस्ट ईएमआई पेश की

स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बीएसई: 511700), एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जिसने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए एक नई फंडिंग योजना शुरू की है। यह योजना कंपनियों को ग्रीन ऊर्जा समाधान अपनाने में मदद करेगी, जिससे ऊर्जा का उपयोग और भी टिकाऊ और किफायती हो सके। भारत की बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रयासों के अनुरूप, स्टैंडर्ड कैपिटल का फंडिंग उन परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करेगा जो सौर पैनल और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करते हैं। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, 2023 तक 68 गीगावॉट से अधिक सौर क्षमता स्थापित की जा चुकी है। यह प्रयास देश के 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के बड़े लक्ष्य का हिस्सा है।

# सीनापाली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

### ग्रामीणों के समस्याओं एवं शिकायतों से सबंधित 520 आवेदन हुए प्राप्त,कलेक्टर श्री अग्रवाल शिविर में हुए शामिल



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा,आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 520 आवेदन प्राप्त हुए।शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया।शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में मौजूद लोगों को भी दी।शिविर में कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर भी शामिल हुए।उन्होंने शिविर में मौजूद अतिथियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।साथ ही हितग्राहियों को विभागीय योजना के तहत सामग्री वितरण कर मौके पर ही लाभान्वित किया।कार्यक्रम में कलेक्टर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 2 बच्चों को अन्नप्राशन करवाया,साथ ही 6 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रश्म के तहत पोषण आहार किट भी प्रदान किया।साथ ही कृषि विभाग द्वारा 3 किसानों को पावर स्प्रेयर,सूक्ष्म पोषक तत्व एवं 7 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड,4 मछली पालक किसानों को मछली जाल,3 आईस बॉक्स, राजस्व विभाग द्वारा 8 ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 हितग्राही को श्रवण यंत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनसमस्या निवारण शिविर में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।प्रत्येक माह दो जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।सभी विभागों के स्टॉलों में लोगों के समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए गए।साथ ही उनका निराकरण भी किया जा रहा है।कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को तत्परता एवं गंभीरता पूर्वक ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये।उन्होंने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है।सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अपने घर सहित आसपास जगहों को भी स्वच्छ रखे।गांवों में कचरा कलेक्शन के लिए भी ई-रिक्शा भी दिया जा रहा है।जिससे कचरों का व्यवस्थित तरीके से निष्पादन होगा।उन्होंने स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर ने शिविर में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा कि लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। समस्याओं को सुलझाने अधिकारीगण प्रयास कर रहे है। आवेदनो का यथासंभव मौके पर ही प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है।पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी ने कहा कि शासन की मंशानुसार प्रत्येक विकासखंड में शिविर लगाया जा रहा है।लोगों को जिला मुख्यालय न जाना पड़े इसलिए ग्राम स्तर पर ही शिविर लगाकर लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को शिविर में आकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क बीपी,शुगर सहित स्वास्थ्य संबंधी अन्य प्रकार की जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहने एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क ईलाज प्राप्त करने का भी संदेश दिया गया।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य धनमति यादव,जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल,स्थानीय जनप्रतिनिधि,एसडीएम तुलसीदास मरकाम,विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बैंक चोरी की नाकाम कोशिश करने वाले तीन आरोपी पुलिस से गिरफ्त में, महज 48 घंटे में पुलिस ने पकड़ा

### धान की उधारी और ऑनलाइन गेम का कर्जा चुकाने के रची बैंक लूटने की साजिश



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले में एटीएम और बैंक में चोरी की नाकाम कोशिश करने वाले तीन आरोपी को पाण्डुका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।मुख्य आरोपी ने धान का उधारी और ऑनलाइन गेम का कर्जा चुकाने एटीएम और बैंक चोरी की साजिश रची थी।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और टॉवर डंप लोकेशन के आधार पर तीनो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी निशा सिन्हा ने बताया कि सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत गरियाबंद में केनरा बैंक एटीएम तथा पांडुका थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडुका के ग्रामीण बैंक में चोरी की नाकाम कोशिश करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गरियाबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिंदौला के रहने वाले है।गुरुवार मध्य रात्रि आरोपियों ने गरियाबंद के केनरा बैंक के एटीएम में चोरी की कोशिश की थी और इसके एक दिन बाद शुक्रवार मध्य रात्रि पांडुका के ग्रामीण बैंक में चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया था लेकिन दोनों ही मामलों में नाकाम रहे थे।

**सीसीटीवी फुटेज और टावर डंप की मदद से 48 घंटे में पकड़े गए,,,,,** एसडीओपी निशा सिन्हा ने बताया कि घटना के बाद गरियाबंद और पांडुका क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।इसके अलावा टावर डंप लोकेशन निकाली गई।इसके आधार पर तीनों आरोपियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है।उन्होंने बताया की घटना वाले रात तीनों आरोपी का मोबाइल दोनों घटना स्थल में एक्टिव था।मोबाइल लोकेशन के आधार कर ग्राम छिन्दौला निवासी अरुण ध्रुव (28) तथा टिकेश्वर यादव (38) के साथ एक नाबालिक आरोपी गिरफ्तार पूछताछ की गई तो तीनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

**एटीएम चोरी में नाकाम रहे,फिर गैस गटर चोरी किया,,,** मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी ने आगे बताया कि आरोपियों ने पहले कुल्हाड़ी की मदद से गरियाबंद एटीएम में चोरी की कोशिश की थी लेकिन शटर का ताला तोड़ने के बाद एटीएम मशीन को तोड़ने में नाकाम रहे।इसके बाद आरोपियों द्वारा चोरी के लिए नई जगह और नया तरीका अपनाया गया।आरोपियों ने पहले रायपुर मार्ग में स्थित कोमल ट्राली से गैस सिलेंडर और गैस कटर चोरी की ओर इसके मदद से पाण्डुका में चोरी की कोशिश की।गैस मटर की मदद से आरोपी बैंक के मुख्य गेट में लगे दोनों ताले को काटकर अंदर पहुंच गए थे।लाकर भी काटने में सफल हो जाते हैं इसके पहले सायरन बज गया और आरोपियों को मौके से भागना पड़ा।

**सीसीटीवी कैमरा,डीवीआर,कुल्हाड़ी मालगांव पैरी नदी से बरामद,,,,,,,**एसडीओपी सिन्हा ने बताया कि पांडुका से वापस लौटे समय आरोपियों ने बैंक से चोरी किए गए सीसीटीवी कैमरे डीवीआर और चोरी के लिए प्रयोग की गई कुल्हाड़ी सहित आणि सामान को मालगांव पुल से पहली नदी में फेंक दिया था।आरोपियों के निशानदेही पर सोमवार सुबह नगर सेनानी की टीम की मदद से उपरोक्त सभी सामान को पैरी नदी से बरामद कर लिया गया है।

**कर्ज ने बना दिया चोर,,,,**पूरे मामले की जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी अरुण धान खरीदी बिक्री का काम करता था जिसमें उसकी काफी उधारी हो चुकी थी इसके अलावा ऑनलाइन गेमिंग में भी वह लाखों रुपए हर चुका था जिसके चलते कर्ज उतारने और उधारी चुकाने के लिए, उसने चोरी जैसी गंभीर घटना के लिए अपने दोस्तों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा। पूछताछ में अरुण ने बताया कि पहले ऑनलाइन गेमिंग में वह ढाई लाख रुपये जीत चुका था लेकिन लालच में आकर अधिक पैसे कमाने के लिए उसने आगे भी ऑनलाइन गेमिंग जारी रखी और खेलते खेलते इसमें 5 लाख से ज्यादा का कर्जा हो गया।कार्यवाही में एसडीओपी निशा सिन्हा के मार्ग दर्शन में पाण्डुका थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश नेताम,नगर सेना प्रभारी जितेंद्र सेन गोपाल साहू,स्पेशल टीम अंगद राव,सुशील पाठक,सतीश गिरी शामिल थे।

## दुर्ग पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतर्राज्यीय डकैत,माल खपाने वाला भी गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने अंतरराज्यीय डकैत गिरोह के एक आरोपी और डकैतों का खपाने वाले एक एजेंट को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। डकैत को अंजोरा थानाक्षेत्र में हुई डकैती के मामले में गिरफ्तार किया गया है। रविवार को प्रेस वार्ता में एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि अंजोरा थाना अंतर्गत रसमड़ा निवासी दिलीप टिंबर के मालिक दिलीप मिश्रा के घर 7 अगस्त मध्य रात्रि डकैतों ने धावा बोलकर पति-पत्नी को बंधक बना लिया था। डकैतों ने उनके हाथ पांव बांधकर आलमारी तोड़कर उसमें रखे करीब 35 तोला सोना और 26 हजार रुपए कैश लेकर फ रार हो गए थे। दिलीप मिश्रा ने अंजोरा थाना में डकैती की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने 22 दिनों तक मध्यप्रदेश के झाबुआ में कैंप लगाकर भील गिरोह के डकैती में शामिल भंगू डावर, निवासी- नरवानी, जिला धार को गिरफ्तार किया। वहीं डकैती का सोना-चांदी खपाने वाले एजेंट भूरसिंह उर्फ भूरिया, निवासी जिला धार को भी गिरफ्तार किया है।


## आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार विवेक पवार आ. स्व. विजय सिंह पवार निवासी-24, कादम्बरी नगर, दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम बदलकर विक्की पवार आ. स्व. विजय सिंह पवार रख लिया है द्य भविष्य में मेरे पक्षकार को विक्की पवार के नाम से जाना-पहचाना एवं पुकारा जावे, भविष्य में मेरा पक्षकार अपने समस्त शासकीय दस्तावेजों में अपना नाम विक्की पवार अंकित कराना चाहता है।

**स्थान- दुर्ग ( छ.ग. )**
**दिनांक- 28.09.2024**
**सुभाष सतपथी ( अधिवक्ता )**
**जिला न्यायालय दुर्ग ( छ.ग. )**
**पता- मकान नं.- 22/बी, सड़क- एवन्यू बी, सेक्टर-1, भिलाई, दुर्ग ( छ.ग. ) मो. नं.- 9827199221, 9424120110**


## नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य,आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** जिले के भिलाई सुपेला में एक नाबालिग बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित बच्चे के पिता ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने सुपेला थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके 12 वर्षीय बच्चे को सुपेला मराठी मोहल्ला में रहने वाले मयुरेश मेश्राम बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया तथा उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए सुपेला पुलिस ने तत्काल युवक घेराबंदी कर पकड़ लिया।

## वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक नियुक्ति में धांधली की आशंका,कई अभ्यर्थियों ने लगाया आरोप

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले में तेंदूपत्ता प्रबंधक की नियुक्ति किया जाना है,उसके लिए बकायदा नियमो के तहत निविदा निकाली गई जिसमे अध्यार्थी अपने पढ़ाई और अनुभव के साथ फार्म भी जमा किए लेकिन चयन होते होते उसमे धांधली की आशंका बढ़ती गई और कुछ अभ्यर्थियों को आपत्ति भी लगाना पड़ गया। ज्ञात हो की जिले में तेंदूपत्ता प्रबंधक के लिए योग्य अभ्यार्थियों की निविदा वन प्रबंध संचालक के नाम से निकाला गया जिसमे ग्राम जरंडी,बेगरपाला,और लाटापारा तेंदूपत्ता प्रबंधक के लिए अभ्यार्थियों के द्वारा आवेदन जमा किया गया था,जिनके फार्म को चयन करते हुए उनका नाम पात्र सूची में जारी किया गया था लेकिन वरीयता सूची में उनका नाम विलोपित कर सूची जारी किया गया है,जबकि कुछ अभ्यार्थियों का नाम सूची में प्रथम स्थान प्राप्त था।वही वरीयता सूची में नाम विलोपीत करने के पीछे क्या कारण है,उन अभ्यार्थियों के फार्म में क्या त्रुटि थी इसकी कोई जानकारी उन विलोपित अभ्यार्थियों को नहीं दिया गया।साथ ही 30 सितंबर को आपत्ति दर्ज कराने की तिथि निर्धारित किया गया जिसके चलते उन विलोपित अभ्यार्थियों के द्वारा आज आपत्ति दर्ज कराते हुए इस चयन में धांधली होने की आशंका होना बताते हुए मंगलवार को जरदर्शन में कलेक्टर को आवेदन देने की बात उनके द्वारा बताया गया।


**!! न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 04 ( छ0ग0 ) !!**

**/ / उद्घोषणा - पत्र //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गयाराम देवांगन आ. मनबोधी देवांगन निवासी ग्राम- नगपुरा, प.ह.नं. 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम नगपुरा स्थिरत भूमि ख.नं. 64, 344, 1201, 1202 रकबा 0.170, 0.320, 0. 230, 0.178 हे. कुल 0.89 हे. कृषि भूमि दर्ज है, जिसमें से खसरा नंबर- 344 भू-दान से प्राप्त भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक बुजुर्ग व्यक्ति है तथा उसकी पुत्री रोजी मजदूरी करती है तथा आवेदक के ईलाज के खर्च का वहन करने में असमर्थ होने के कारण ख.न.-344 रकबा 0.320 हे. विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 16/10/24 तक स्वयं अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 22/8/24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**दुर्ग ( छ.ग. )**



**तहसीलदार, तहसील न्यायालय कवर्धा**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला कबीरधाम तहसील कवर्धा प.ह.न. - 00013 कवर्धा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-2024-25-157-1-4074

**//ईश्तहार//**

तहसील कवर्धा के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम कवर्धा के वर्तमान भूमिस्वामी KANTIKIRAN KURRE पिता/पति - TIKARAM KURRE पता- USLAPUR के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15/4 (0.0223) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता MOHANRAM SAHU पिता/पति-RARIRAM SAHU पता-KHAIRBANAKALA के नाम पर पंजीयन / फती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार तहसील न्यायालय कवर्धा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**तहसील कवर्धा**



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा ( छत्तीसगढ़ )**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.
ब/ 121 वर्ष 2023-2024
ग्राम का नाम हसदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरतलाल सोनवानी पिता श्री सियाराम सोनवानी जाति सतनामी निवासी ग्राम हसदा प0ह0नं0 18 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्र प्रियांशु सोनवानी पिता श्री भरतलाल सोनवानी माता का नाम श्रीमती सविताबाई सोनवानी का जन्म दिनांक 12.10.2013 (स्थान) ग्राम हसदा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत हसदा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता, सरपंच प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 15/10/24.को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 15/10/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/9/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

मुहर

**कार्यपालिक ङ्कदण्डाधिकारी**
**भाटापारा ( छत्तीसगढ़ )**



**न्यायालय तहसीलदार अहिवार्रा जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**

रा0प्र0क्र0/202409104000055 / 1-74 / वर्ष 2023-24
ग्राम :- सण्डी
प.ह.नं. - 11

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक बलराम ठाकुर पिता परगनिहा, साकिन खासाडीह तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मौजा ग्राम सण्डी, प.ह.न. 11. रा.नि.मं. अहिवारा, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 163/3, 163/5 रकबा क्रमशः 0.16, 0.10 हे.राजस्व अभिलेख में कन्हैया पिता परगनिहा एवं अन्य 03 के नाम पर शामिलात भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसका मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी करने हेतु निर्धारित शुल्क खजाना दाखिल किये गये चालान की प्रति, पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध की सूचना की कॉपी, नो-ड्यूज सर्टिफिकेट आदि दस्तावेजो की छायाप्रति संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 09/10/2024 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील- मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक ङ्क09/10/2024
जारी दिनांक :- 23/09/2024

मुहर

**तहसीलदार**
**अहिवारा, जिला दुर्ग ( छ.ग. )**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202409104500053**

**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**विषय:-अ-27 सन:- 2023 2024**
**धौराभाठा प.ह.न. 00024 [ ( हे0 ) ]**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार - सुशीला बाई,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**//ईश्तहार//**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम धौराभाठा हल्का नंबर 24 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिकागण सुशीला बाई पति स्व. किशुन ठाकुर निवासी ग्राम धौराभाठा अन्य 07 द्वारा ग्राम धौराभाठा प.ह0नं0 25 स्थित आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर दर्ज शामिलात खाता की भूमि ख0नं0 808/1, 841 रकबा 0.26, 0.62 हे. का खाता विभाजन किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अत: आवेदिकागण सुशीला बाई पति स्व. किशुन ठाकुर द्वारा खाता विभाजन से उपरोक्त दर्शित भूमि आवेदकगण के नाम विभाजन की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 10-10-2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**आतिरिक्त तहसीलदार**
**पाटन**

## संक्षिप्त-खबर

### भाजपा कर रही अन्याय अत्याचार, कांग्रेस कर रही न्याय यात्रा की बहार : शाहिद भाई



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की अगुवाई में राज्य की भाजपा सरकार के अन्याय अत्याचार और बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जो पदयात्रा प्रारंभ की गई है, उसे व्यापक जन समर्थन मिलने का दावा करते हुए छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पदयात्रा में शामिल हुए शाहिद भाई ने कहा कि 9 माह में छग की भाजपा सरकार निष्क्रियता के चलते जिला कार्यालय जलने एवं पुलिस की बर्बरता उजागर हुई है। रेत माफिया, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, पीएम आवास स्वीकृति होते ही सीमेंट की दरों में बढ़ोत्तरी, महतारी वंदन के नाम पर धोखा जैसे ज्वलंतशील मुद्दों के कारण भाजपा राज्य में अलोकप्रिय होने के साथ अन्याय, अत्याचार की प्रतीक बन चुकी है। जनता को राहत देने और भाजपाई अन्याय के खिलाफलड़ने के लिए छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का आगाज किया गया है। इस यात्रा में राजनांदगांव सांसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनता यात्रा में शामिल होकर जन आवाज बन रहे है। छग की पवित्र भूमि गिरोधपुरी धाम से यह यात्रा 27 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर को राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आमसभा के साथ संपन्न होगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जनता के दुख परेशानियों को देखते हुए न्याय पदयात्रा का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया और उस निर्णय में प्रदेश कांग्रेस के सभी शीर्ष नेता अपनी सहभागिता के साथ पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं, इससे वह दिन दूर नहीं जब राज्य की जनता के लिए कांग्रेस की न्याय पदयात्रा रूपी आंदोलन से सुख, शांति एवं न्याय का मार्ग प्रशस्त होगा।

### प्रदेश में बढ़ते अपराध एवं अन्याय के खिलाफकांग्रेस की न्याय यात्रा : मेहुल मारू



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में स्थाई पदयात्री के रूप में शामिल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने बताया कि छत्तीसगढ़ पिछले 9 महीनों से भाजपा के शासनकाल में गंभीर संकट से गुजर रहा है। अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और महिलाओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गए हैं। हाल की घटनाएं जैसे बलौदा बाजार में निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी, कांग्रेस के विधायक सहित प्रदेश बहुत से कांग्रेसी नेता अन्याय पुर्ण गिरफ्तारी और कवर्धा में साहू समाज के तीन युवाओं की दुर्भाग्यपूर्ण मौत, सरकार की विफलता को उजागर करती हैं। शांति का टापू कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ अब अपराध का गढ़ बन गया है। आए दिन अपराध के नए-नए किस्से सुनने और देखने को मिलते हैं। जनता का सरकार की गूंगी-बहरी भूमिका से भरोसा टूट गया है। मेहुल मारू ने कहा इन्हीं घटनाओं और विफलताओं के खिलाफआवाज उठाने तथा प्रदेश में पुनः सामाजिक समरसता और शांति स्थापित करने के उद्देश्य से कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरुआत की गई है, यह छह दिन की पदयात्रा 125 किमी का सफर तय करते हुए 2 अक्टूबर को रायपुर के गांधी मैदान में समाप्त होगी। इस यात्रा का मुख्य मकसद है जनता को न्याय दिलाना और राज्य में कानून-व्यवस्था की बहाली सुनिश्चित करना।

### अरेकेल में विहिप का सत्संग कार्यक्रम




**बसना ( समय दर्शन )।** बसना प्रखंड के ग्राम अरेकल में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा विगत दिवस नगर भ्रमण एवम सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी,प्रखंड पदाधिकारी एवं ग्राम समिति के साथ साथ मातृशक्ति ,दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल,प्रखंड अध्यक्ष गिरधारी लाल डडसेना,कार्याध्यक्ष विद्याधर पटेल प्रखंड मंत्री अरुण प्रधान,विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक अभिषेक दास, अनिल साव,संजय तिवारी,मधुसूदन साव , आनंद बिलास दास ,बसंत साहू,सुभाष प्रधान,सुरेश डडसेना,मातृ शक्ति से सविता वर्मन, पुष्पा कौर,ज्योति और ग्राम के पूर्व सरपंच शिव डडसेना, सूरज देवांगन, कैलाश यादव एवम बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। नगर भ्रमण सत्संग के साथ प्रारंभ किया गया।नगर भ्रमण पश्चात श्रीराम, मां भारती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर दीप मंत्र ,विजय महामंत्र ,हनुमान चालीसा पाठ,भजन कीर्तन, मां भारती की आरती सभी सनातनियों ने की। पुष्पांजलि व शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। अरेकेल वासियों को प्रति सप्ताह सत्संग करने के लिए आग्रह किया गया।

# कायतपाली निवासी टिकेलाल सिदार एवं साथी वाहन मालिक का सडक हादसे मे मौत



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम कायतपाली निवासी टिकेलाल सिदार एवं साथी वाहन मालिक के साथ रविवार की लगभग 3बजे धरसीवॉं थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दोनो लोगों की घटना स्थल मे ही मौत हो हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीकेलाल अपने वाहन मालिक के साथ बिलासपुर से रायपुर लौट रहे थे।

इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज गति के ट्रक चालक ने सड़क के डिवाइडर को तोड़ते हुए अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक से कार को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक ने नियंत्रण खोकर, कार को कई मीटर तक घसीटते हुए सड़क किनारे एक खेत में जाकर कार के उपर चढा दिया।

इस दुर्घटना के बाद ट्रक का सामने का हिस्सा कार में फंस गया। जिससे कार सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद कार से शवों को बाहर निकाला। यह घटना बीते दिन दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। धरसीवॉं पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

(जानकारी के अनुसार मृतक वाहन चालक के चाचा बसना के जनपद में रूप सिंह सिदार करारोपण अधिकारी हैं ।)

उनके दो बच्चे हैं रायपुर से रात्रिकालीन 11 बजे शव गृह ग्राम लाया गया तथा दाह संस्कार की गई।

इस घटना ने एक बार फिर से सड़क सुरक्षा और तेज गति के खतरों को रेखांकित करती है, जिससे लोगों को जागरूक रहकर सुरक्षित वाहन चलाने की आवश्यकता पर जोर देना चाहिए।

# तहसीलदार का नोटिस भी बेअसर, मोतीपुर में सड़क किनारे बेसकिमती सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से अवैध कब्जा

- कब्जाधारियो को सफेद पोएस नेताओ का भी मिल रहा है संरक्षण



**पाटन ( समय दर्शन )।** उत्तर पाटन के ग्राम मोतीपुर में मुख्य सड़क के किनारे शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा अवैध रूप से प्लाटिंग, मुख्य मार्ग के किनारे स्थित सरकारी जमीन पर कब्जा करके उस जगह पर निर्माण कार्य अभी भी किया जा रहा है । नायब तहसीलदार के द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिश दिया जा चुका है । लेकिन राजस्व के अधिकारियों की आदेश की अवहेलना करते हुए वर्तमान स्थिति तक निर्माण कार्य किया जा रहा है ।

सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि उत्तर पाटन के कुछ कार्यकर्ताओं के द्वारा अतिक्रमणकारी लोगो को संरक्षण दिया जा रहा है जिससे इनके हौसले परवान पर है ।

मोतीपुर मुख्य चौक से आगे आने पर मुख्य मार्ग के दोनों तरफ अवैध अतिक्रमण कर उक्त स्थान पर निर्माण कार्य किया जा रहा है । तहसीलदार के नोटिस के बाद भी इन पर अभी तक रोक नही लगाई गई है । दूसरी तरह ग्राम पंचायत मोतीपुर की सरपंच योगिता साहू भी चुप्पी साधी हुई है । पंचायत स्तर पर भी अवैध रूप से अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करने वाले लोगो के ऊपर अभी तक रोक नही लग पायी है बिना ख़ौफ़ के अभी भी अवैध रूप से निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**उत्तर पाटन के कार्यकर्ताओं से मिल रही छूट-** सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि मोतीपुर के आसपास जितने लोगो के द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा है वे सभी राजधानी रायपुर , रायपुरा के रहने वाले है । उत्तर पाटन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा उनको संरक्षण देने की बात सामने आ रही है कि उनके ही राजनीतिक दबाब के चलते अतिक्रमण का कारोबार फल फूल रहा है । जिससे राजधानी के रसूखदारों के द्वारा ग्रामीणों के कीमति सरकारी जमीनों पर उनकी नजर पड़ रही है उसके संरक्षण के चलते अवैध रुप से अतिक्रमण कर उन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है ।

> मोतीपुर में पटवारी को प्रतिवेदन बनाने निर्देश दिए थे। उसी आधार पर अवैध कब्जा करने वालो को नोटिस जारी किया गया है।
> **भूपेंद्र सिंह**
> **नायब तहसीलदार**

# पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ में कला संकाय में किया गया नवप्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन




पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह का आयोजन आज 30 सितंबर 2024 को किया गया। इस कार्यक्रम में श्री वी के अग्रवाल संचालक जे एल एन महाविद्यालय नवागढ़, श्रीमती अन्नपूर्णा बंसल संचालिका जे एल एन महाविद्यालय नवागढ़,डॉ राजेश शर्मा प्राचार्य जेएलएन महाविद्यालय नवागढ़ ,सुश्री सिंपल रजक (उपप्राचार्य जेएलएन महाविद्यालय,नवागढ़), श्री तेरस दिनकर (आई क्यू ए सी प्रभारी), के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस कार्यक्रम में डॉ राजेश शर्मा प्राचार्य जेएलएन महाविद्यालय नवागढ़ एवं अन्य प्राध्यापक गणों के द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान किया गया तथा बच्चों को अपने जीवन में एक लक्ष्य तय कर उसे पूर्ण करने की बात कही गयी। सभी विद्यार्थियों ने स्वागत समारोह में अपनी पूर्ण सहभागिता दी। इस कार्यक्रम में डॉ भावना सोहेल,श्रीमती प्रीति देवांगन, सुश्री रजनी साहू(लाइब्रेरियन),श्री जोहित कश्यप, श्री दीपक चंद्रा, श्री आलोक चंद्रा , श्री अखेन्द्र जांगड़े, सुश्री मालती बंजारे,श्री राजेंद्र विजयवार, सुश्री यशोदा शान्ते, श्री मनोज बंजारे ,सुश्री बबीता मधुकर सुश्री धनेश्वरी कुर्रे, श्री ऑर्थो राठिया प्राध्यापकगण एवं सभी कला संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मगधा यादव समाज का नुआखाई मिलन एवं सम्मान समारोह राम जानकी मंदिर बसना मे सम्पन्न हुआ



**बसना ( समय दर्शन )।** मगधा यादव समाज विकास खंड बसना पिथौरा के संयुक्त तत्वाधान में नुआ खाई सामाजिक परिवारिक मिलन सम्मान समारोह का आयोजन बसना के पावन धरा श्री राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को विधिवत सर्व प्रथम कुल शिरोमणि श्री कृष्ण जी एवं मां समलेश्वरी जी के तैलचित्र मे सभापति ऋषभ कुमार बगर्ती एवं समाजप्रमुखों द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना एवं भजनआरती के साथ शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात समस्त यादव बंधुओं को तिलक लगाकर और अंगवस्त्र साल श्री फल स्वागत कर नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया गया। नगर भ्रमण कार्यक्रम स्थल राम जानकी मन्दिर परिसर से शहीद वीर नारायण चौक होते हुए बस स्टैंड समलेश्वरी मन्दिर का मे कुल देवी समलेश्वरी माता का दर्शन कर सामाजिक जन सैलाब जय यादव जय माधव का नारा लगाते हुए गाजे बाजे एवं आतिशबाजी कर गाजे बाजे के साथ धूमधाम से यादव कला का प्रदर्शनी करते हुए यात्रा को संपन्न हुआ ।

कक्षा 10 वी 12वी के प्रतिभावन छात्र छात्राओं तथा खेल खिलाड़ियों का मगधा यादव समाज के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की अतिथि श्रीमति ऊषा पटेल के करकमलों से बच्चों को मेंमन्टो तथा प्रमाण पत्र दिया गया।

बसना ब्लाक से शाखा सभा खेमडा नुपुर बांक पिता देवेन्द्र बांक 75त्न खेमड़ा अनुज बांक पिता रविशंकर बांक 75.6त्न खेमड़ा कविता भोई पिता सुरेश भोई 74.33 खेमड़ा देवेश यादव पिता गणेश यादव 77त्न प्रधानपाली खुशबू बांक पिता युगल किशोर बांक 75.2त्न खेमड़ा कक्षा 12वी कुमारी प्राचीबाघ पिता त्रिवेणीबाघ 75.2त्न बांसुला ब्लाक पिथौरा से शाखा अनिरुद्ध कांड पिता लेकरू कांड 72.2त्न सल्डीह सभा उतेकेल पुनम यदु पिता विजय यदु 90त्न सान टेमरी राहुल महाकुर पिता दयानंद महाकूर 70.5त्न छातामोहा शाखा सभा हितेश यादव पिता चित्रसेन यादव 75.6त्न नारायणपुर भारती यादव पिता तेजराम 72.3त्न धरमपुर यादव पिरदा बामडाडीह मोहराज धराई पिता सुभाष धराई 94त्न साल्हेतराई शाखा सभा अरेकेल अंशु यादव पिता तेज कुमार यादव 76त्न बिछिया बेल्डीह शाखा सभा सुदेष्टा बंछोर पिता बिरंची बंछोर 81.6त्न बेल्डीह ब्लाक पिथौरा शाखा सभा मेंमरा, राज्यस्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी शशिकांत पिता सत्रुघ्न थापा मेंमरा, राज्यस्तरीय हैंड बाल खिलाड़ी नैतिक बगर्ती पिता पीतांबर बगर्ती रिखादादर, कुमारी कंचन बगर्ती पिता स्वराज बगर्ती डोंगरीपाली पिथौरा, बंदे भारत ट्रैन कार्यक्रम उद्घाटन रायपुर में निबंध मे प्रथम स्थान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सामाजिक बच्चों और माताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कीर्तन पार्टी ,कर्मा पार्टी पंच वीर वाद्य पार्टी के साथ कला प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम के केंद्र बिन्दु नुआखाई प्रसाद ग्रहण कर एक दूसरे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेल मिलाप कर अपनो से बड़ो का आशिर्वाद लिया गया।

समाज के पदाधिकारीयों ने अपने उद्बोधन मे शिक्षा व समाज हित के बारे में रोचक जानकारी दिये।

कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, समाज प्रमुख ऋषभ कुमार बगर्ती,श्रीमती वृंदावती सोमनाथ पाण्डे, सत्यानंद बांक ब्लाक अध्यक्ष पिथौरा और घनश्याम यादव ,गजेन्द्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत बसना ,सेलेंद्री जितेंद्र बांक उपसरपंच सुरंगीपाली, टांक बिहारी दीप, युधिष्ठिर यादव, नन्द कुमार यादव ब्लाक अध्यक्ष, राजेश यादव ,भैय्या राम यादव तहसील अध्यक्ष कोमाखान , दुलीचंद भोई,च ?द्रहास बांक, महासचिव भजनलाल दीप , संचालक डोलामणि यादव, अंकेक्षक भगवानों सांड, सचिव रोहित कुमार बगर्ती, कोषाअध्यक्ष रामदास मटारी, संगठन मंत्री माननीय हितेश यादव, प्रचार प्रसार मंत्री कृष्ण किशोर यादव, प्रवक्ता मोहनलाल दीप, सह सचिव भुवनेश्वर मलिक, पीताम्बर बगर्ती ब्लाक मीडिया प्रभारी, ब्लाकअध्यक्ष बसना परमानंद बांक, सचिव छालों यादव, शाखा सभा अध्यक्ष उतेकेल श्रीकर यदु ,सचिव बली राम मटारी, कोषाअध्यक्ष मेमरा शाखा अध्यक्ष दुर्योधन भोई, सचिव सत्रुघन थापा, बेल्डीह शाखा अध्यक्ष जयलाल बगर्ती, सचिव बरून यादव, पिरदा बामडाडीह शाखा अध्यक्ष श्रीपति यादव, सचिव पदमलोचन बगर्ती (विनोद)अरेकेल शाखा अध्यक्ष जितेंद्र बांक, सचिव रविराम यादव, कोषाअध्यक्ष श्याम कुमार भोई, खेमड़ा शाखा अध्यक्ष सेत कुमार थापा, सचिव जीवर्धन यादव हितेश यादव, सरायपाली पार्षद कृष्ण किशोर, तोसगाव संम्पतजाल पोडागढ़, सरायपाली जीवन लाल, कोमाखान दशरथ , लाल बहादुर यादव, मनकी कोमाखान रामसिंग, बोईरगांव परिक्षेत्र अध्यक्ष कोमाखान दिलीप कुमार यादव, महासमुंद कुबेर बगर्ती, शुयम्मर मलिक, संतोष कांड, स्वराज बगर्ती, सुंदरलाल मलिक, उत्तर कुमार यादव, खेमराज यादव एवं समस्त सामाजिक यादव बंधु युवाओं माताओं बहनों भाइयों सहित हजारों की संख्या में यादव जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डोलामणि यादव ने किया ।

# राज्य स्तरीय शिक्षक रत्न सम्मान मे बसना के अनेक शिक्षाविद हुए सम्मानित




**बसना ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा के तत्वाधान मे राज्य स्तरीय आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह होटल सिमरन पैलेश मे सम्पन्न हुआ ।इस दौरान सरायपाली विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में, सरायपाली जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर की अध्यक्षता एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, पत्रकार रोमी सलूजा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती एवं माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया।

अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के सम्मान में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से चातुरी नंद ने कहा कि गुरु के आगे हमारा मस्तक हमेशा श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु के हृदय में हमेशा बच्चों के प्रति प्रेम उमड़ता है। बच्चों में संस्कार संस्कृति और परंपरा का बोध कराने का दायित्व आज शिक्षकों के सामने है जो सबसे बड़ी चुनौती है। छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है उसके लिए समिति साधुवाद के पात्र हैं ।इसी संस्था ने मुझे पिछले वर्ष नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया था। तरह के सम्मान से समाज का उत्थान होता है।

चंद्र कुमार पटेल ने कहा कि गुरुओं का सम्मान करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्वर्ण सिंह सलूजा ने कहा कि, सरायपाली अंचल के लिए गौरव की बात है कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हो रहा है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से शिक्षक पहुंचे हैं। समारोह को कुमारी भास्कर एवं रोमी सलूजा ने भी संबोधित करते हुए सम्मानित होने वाले समस्त शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू ने समिति के उद्देश्य एवं रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि, समिति विभिन्न क्षेत्र की अन्य विधाओं में विशिष्ट जनों का सम्मान करने का कार्य करती है साथ में मां भारती के आंचल को हरा भरा करने के लिए भी बृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्य निभाने का काम कर रही है। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों को एक पेड़ माँ भारती के नाम पर रोपण अपने अपने स्कूल परिसर में करने का आह्वान किया गया । इस कार्यक्रम में बस्तर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, अंबिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, सक्ति, सारंगढ़, बलौदाबाजार भाटापारा, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, गरियाबंद, कबीरधाम, सुकमा सहित अन्य जिलों से 110 उत्कृष्ट शिक्षकों को छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न 2024 जिसमें विकासखण्ड बसना से स ?कुल समन्वयक वारिश कुमार बड़ेटेमरी,डॉ.विवेकानंद दास बसना, पूर्णानंद मिश्रा बीआरसीसी बसना, श्रीमती नीलम कुमार बड़ेटेमरी, श्रीमती रीता पति जलकोट,गफ्फार खान छोटेटेमरी,अमित कुमार भोई कुदारीबाहरा, श्रीमती उर्मिला मिश्रा मोहका, श्रीमती रूपलता कुर्रे जमदरहा, रूबीना बानो जोगीपाली, शिवकुमार साहू गौरटेक, सरविंद सिदार गढ़पटनी, नीलांबर नायक पीएमश्री चनाट, वीरेन्द्र चौधरी तिलाईदादर, हरिराम साव बसना, संतोषी साव कस्तूरबा बसुला, शरण दास गढ़फुल्लझर, धनीराम नंद बैगनडीह , कमलेश साहू रोहिना,प्रेमचन्द भोई बरबसपुर,शंकरलाल सिदार जमदरहा, रामप्यारी सिदार दलदली,सुशील प्रधान बिछिया, गिरीश पाढी लंबर, श्रीमती रमाकांति दास भूकेल, लक्ष्मण पटेल बसना, मनीलाल पटेल भंवरपुर ,श्रीमती उर्वशी नेताम अंकोरी ,

सम्मानित हुए।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पधारे हुए शिक्षक, कलाकार, साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। हरित सृजन सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू एवं उनके सदस्यों डा. निर्मला साहू, डिजेंद्र कुर्रे, कल्पना भोई, धात्रि नायक, मनोज साहू, परमानंद साहू, प्रहलाद साहू सम्मानित किया गया। प्रत्येक शिक्षक को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया ।

समारोह को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजनधारा के प्रदेश अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष द्वय निर्मला साहू एवं डिजेन्द्र कुर्रे, सचिव कलेश्वर साहू, सहसचिव वेद प्रसाद पटेल, कोषाध्यक्ष धात्री नायक, सह कोषाध्यक्ष कल्पना भोई, प्रवक्ता महासमुंद जिलाध्यक्ष रोहित शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद साव, सह मिडिया प्रभारी प्रहलाद साहू, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश साहू, मनोज कैवर्त, मनोज साहु, सुनीता साहू, परमानंद साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन भागवत साहू एवं आभार व्यक्त डीजेन्द्र कुर्रे ने किया।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26